दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शनिवार 03 मई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 133 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# प्रतीक बिल्डर की लापरवाही से सिद्धार्थ विहार के हजारों लोगों के आशियाने पर छा गया खतरा

## नगर निगम के नाले की दीवार टूटी और जल भराव के बाद मौके पर पहुंचे सभी जनप्रतिनिधि







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक बिल्डर द्वारा नगर निगम के नाले के बराबर में बेसमेंट बनाया जा रहा था। बेसमेंट की गहराई अधिक खोदने के कारण नाले की दीवार टूट गयी। जैसे ही नगर निगम को सूचना मिली तो नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुँचे और प्रतीक बिल्डर को नाले पर रेत के कट्टे से रिटर्निंग वाल बनाने के निर्देश दिए जिसमे बिल्डर द्वारा 24 घंटे भी कोई कार्यवाही नही की गई और प्रतीक सोसाइटी के बेसमेंट में भी पानी भर गया। बिल्डर द्वारा विजय नगर क्षेत्र से आ रहे नाले पर गंगाजल प्लांट के बाहर रोक लगाने का कार्य शुरू किया गया।

इसी बीच यह पता चला कि प्रतीक बिल्डर की लापरवाही से यह नाले की दीवार टूटी है। बेसमेंट का कार्य रिटर्निंग वाल बनाकर करना चाहिए था और बिल्डर ने 24 घंटे तक मोके पर कोई कार्य भी नही किया जिस कारण बेसमेंट में पानी भर गया जिसके कारण कोई अनहोनी होने की संभावना बनी हुई है। इसके बाद निर्देश दिये गये कि रेत के कट्टों की रिटर्निंग वाल बनायी जाये। आठ पम्प नाले का पानी आगे मूव करेंगे और दो पम्प बेसमेंट का पानी बाहर निकालेंगे।

### चल रहा है कार्य, जल्द हो जाएगा समाधान: दीपक मीणा जिलाधिकारी



करंट क्राइम। प्रतीक ग्रैंड सोसायटी में नाले की दीवार टूटने के बाद वहां पानी भर गया और निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस पूरे घटनाक्रम पर जिलाधिकारी दीपक मीणा लगातार नजर रखे हुए हैं। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि सबसे पहली प्राथमिकता जलभराव को दूर करने की है। यहां पंपसेट से पानी निकाला जा रहा है। बेसमेंट के पानी को निकालने के लिये फरीदाबाद से पाइप मंगाए गए हैं। घरों में पानी ना जाए, इसके लिये प्रयास किये जा रहे हैं और बेसमेंट से पानी निकाला जा रहा है। प्रशासन की पहली प्राथमिकता जनता को राहत देने की है, समस्या के समाधान की है। मैं स्वयं इस पूरे मामले की मॉनीटरिंग कर रहा हूं।

### जनता परेशान ना हो इसलिये निगम मौजूद है मौके पर: नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक



करंट क्राइम ।नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि यह आपदा का समय है और जनता को कोई परेशानी ना हो इसके लिये नगर निगम मौके पर मौजूद है। सबसे पहले बेसमेंट से पानी निकालने का प्रयास हो रहा है। निगम के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और हर संभव कार्यवाही की जा रही है।

### नगर निगम तत्परता नहीं दिखाता तो होता बड़ा हादसा: मेयर सुनीता दयाल

करंट क्राइम। प्रतीक ग्रैंड सोसायटी में नगर निगम के नाले की दीवार टूटने के बाद बेसमेंट में पानी भर गया। स्वयं मेयर सुनीता दयाल मौके पर पहुंची और वो कई घंटे वहां रही। अपनी देखरेख में उन्होंने राहत कार्य शुरू कराया। करंट क्राइम से बातचीत में मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि इस पूरे मामले में आवास-विकास की प्रतीक बिल्डर की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के नाले को जो नुकसान पहुंचा है, उसकी भरपाई बिल्डर से की जाएगी। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि अगर नगर निगम तत्परता नहीं दिखाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक सहित निगम के सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे। यहां जिम्मेदारी आवास-विकास की है। क्योंकि ये जमीन आवास-विकास की है और यहां बेसमेंट में खुदाई का काम बिल्डर द्वारा कराया जा रहा था। हम इस मामले में एफआईआर दर्ज कराएंगे। बिल्डर की लापरवाही से नगर निगम का नाला टूटा है। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि जनहित में हमारी पहली प्राथमिकता जनता के समाधान की है। उन्होंने कहा कि पंप, पाइप का इंतजाम किया जा रहा है। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि यहां पूरी तरह से व्यवस्था बनाने में अभी तीन दिन लगेंगे। जनरेटर, पाइप और पंप का इस्तेमाल किया गया है। रेत के कट्टे मंगाए गए हैं।



### ढाई घंटे मौके पर डटे रहे शहर विधायक संजीव शर्मा

करंट क्राइम। इस मामले की सूचना मिलते ही शहर विधायक संजीव शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से बात की। करंट क्राइम से बातचीत में शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि ये पूरी तरह से आवास-विकास के अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है और सबसे बड़ी बात ये है कि यहां बिल्डर की लापरवाही से हजारों लोगों के लिये खतरा उत्पन्न हो गया। यहां लगभग ढाई सौ वाहन बेसमेंट में डूब गए। यह कार्य चल रहा था और इसकी कोई एनओसी ना नगर निगम से ली गई थी और ना ही जिला प्रशासन से ली गई थी। आवास-विकास के अधिकारियों को नक्शा पास करते समय यह देखना था। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा हम इस मामले में लगातार बचाव कार्य पर नजर रख रहे हैं। राहत कार्य के लिये अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं। मैं क्षेत्र की जनता के साथ हूं और जल्द ही इस पूरे मामले का समाधान हो जाएगा। विधायक संजीव शर्मा लगभग ढाई घंटा मौके पर रहे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर प्रशासन और आवास-विकास के अधिकारियों को बुलाया और तत्काल जेसीबी बुलाकर राहत कार्य शुरू करवाया। सोसायटी में पानी के बहाव को बंद करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।



### जब नाराज लोगों ने कर दिया हाईवे पर चक्का जाम



करंट क्राइम। प्रतीक ग्रैंड सोसायटी में नाले की दीवार टूटी और फिर बेसमेंट में पानी चला गया। लोग इस बात से नाराज थे और लोगों ने शुक्रवार की शाम सड़क पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। यहां अधिकारियों के समझाने के बाद फिर लोगों ने जाम खोल दिया।

### सोसायटी प्रशासन ने दिया लिफ्ट बंद करने का नोटिस

करंट क्राइम। इसी बीच प्रतीक ग्रैंड सिटी सोसायटी की मैंटीनेंस टीम की ओर से यहां रहने वालों लोगों को लिफ्ट बंद करने का नोटिस दिया गया। नोटिस में कहा गया है कि प्रताप विहार अथॉरिटी का नाला टूटने के कारण से प्रतीक ग्रैंड सिटी सोसायटी बेसमेंट-2 में अत्याधिक पानी भर जाने के कारण से सभी लिफ्टों में पानी जा रहा है। जिसके कारण से हो सकता है कि हमें कुछ टावरों की लिफ्ट को बंद करना पड़ सकता है। इस कठिन समय में आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है।

### नगर निगम के अधिशासी अभियंता ने भेजा प्रतीक सोसायटी को नोटिस



करंट क्राइम। नगर निगम के अधिशासी अभियंता ने प्रतीक ग्रैंड सिटी सिद्धार्थ विहार को नोटिस भेजा है। इस नोटिस में विजयनगर जोन के अंतर्गत गंगा जल के पास नाला क्षतिग्रस्त होने की बात कही गई है। नोटिस में कहा गया है कि प्रतीक ग्रैंड कार्नेसिया एवं ग्रैंड पयोनिया द्वारा विजयनगर जोन के अंतर्गत गंगा जल के निकट फ्लेट बिल्डिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें आपके द्वारा बेसमेंट को मानक से ज्यादा गहराई में खोदे जाने के कारण यह नाला क्षतिग्रस्त हो गया है। जिस कारण आपके द्वारा निर्मित की जा रही बिल्डिंग में नाले का पानी भर गया है तथा आसपास की बिल्डिंगों में भी पानी भरने की संभावना है। जिससे कभी भी किसी भी समय कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। इसलिये निर्देशित किया जाता है कि तत्काल इस नाले की आरसीसी से वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यहां यह भी स्पष्ट करना है कि बेसमेंट की गहराई अधिक होने के कारण भविष्य में भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए स्थल पर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि अन्यथा की स्थिति में किसी भी अप्रिय घटना इत्यादि के लिये आप स्वयं जिम्मेदार और उत्तरदायी होंगे। यह नोटिस एक मई को अधिशासी अभियंता द्वारा जारी किया गया।

# पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने शुरू की बीट और सिटिजन सेंट्रिक पुलिसिंग

## 2096 बीट का किया गया गठन, दिया भरोसा जल्द सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था और पुलिसकर्मियों का व्यवहार

### पासपोर्ट का सत्यापन 15 दिन के भीतर होगा

### फीडबैक सेल का भी किया जाएगा कमिश्नरेट में गठन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर इन गाजियाबाद में पुलिस लाइन के परमजीत हाल में नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की सिटिजन सेंट्रिक पुलिसिंग और बीट पुलिस व्यवस्था का शुभारंभ करते हुए पत्रकारों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि जन केंद्रित पुलिस व्यवस्था पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शुरू की गई है। जिसका आने वाले दिनों में बेहतर परिणाम नजर आएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि को बेहतर बनाने के साथ ही गाजियाबाद की यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था ,साइबर अपराध पर लगाम लगाना ,भ्रष्टाचार को खत्म करने के साथ मुकदमा दर्ज होने के बाद एफआईआर की कॉपी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट लोगों के घर तक पहुंचाने के साथ ही उनके व्हाट्सएप नंबर पर भी भेजी जा रही है। वहीं नागरिकों की सुविधा के लिए पासपोर्ट का सत्यापन 15 दिन के अंदर किया जाएगा। पुलिस सत्यापन, किराएदार का सत्यापन, चरित्र सत्यापन, कर्मचारी का सत्यापन 10 दिन के अंदर हर हाल में करना होगा। वहीं कोई भी एनओसी 5 दिन के अंदर जारी की जाएगी, जिससे आम नागरिकों को इधर-उधर परेशान ना हो और उनके समय की भी बचत हो सके। इसके साथ ही पुलिस आयुक्त ने जानकारी दी है कि प्रत्येक थाने की बीट में 10 से 15% महिलाओं का भी प्रतिभाग किया जाएगा। जिसकी भी बीट संख्या 5000 से ज्यादा नहीं होगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन को मिलाकर कुल 2096 बीट का गठन किया है। जिनका पर्यवेक्षक 717 बीट उप निरीक्षकों द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड़ ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ एडिशनल सीपी पुलिस मुख्यालय कल्पना सक्सेना, एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार , डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल , डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह, एसीपी मसूरी व लाइन लिपि नगायच, आईपीएस गौतम राय और एसीपी वेव सिटी व सोशल मीडिया सेल प्रभारी प्रियाश्री पाल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

### यातायात व्यवस्था में किया जाएगा बड़ा सुधार




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रस्तावित होने की जानकारी दी है। जिसमें सुगम यातायात प्रवाह , रियल टाइम ट्रैफिक अपडेट, स्वचालित चालान प्रणाली , स्मार्ट सिगनलिंग की सुविधा होगी। इसके साथ ही यातायात बाधित होने पर तुरंत ट्रैफिक मोबाइल पहुंचकर ट्रैफिक को सुचारु करने का काम करेंगी। वहीं ई चालान में पारदर्शिता लाई जाएगी और भ्रष्टाचार का खत्म किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस डेप्लॉयमेंट सिस्टम प्रयोग में लाया जाएगा ,जिसके अनुसार पुलिसकर्मियों की अनियमित क्रम में ड्यूटी लगाई जाएगी। जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। ट्रैफिक सुचारू चलाने के लिए 37 नए ट्रैफिक प्रेशर पॉइंट चिन्हित किए गए हैं। जहां ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे , जिससे ट्रैफिक बेहतर ढंग से चल सके। वहीं यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए नए हॉटस्पॉट और दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र घटाने का काम भी जारी है।

### मुकदमे की कॉपी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए नहीं लगाने होंगे थाने चौकी के चक्कर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने आने के बाद ही नई व्यवस्था शुरू कर दी है। जिसके तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद एफआईआर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी वादी के घर जाकर दी जा रही है। वादी के आग्रह पर उसको व्हाट्सएप के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही महिलाएं ,दिव्यांगजन , विरुद्ध लोगों को आसानी से पुलिस उपलब्ध हो और उनकी जनसुनवाई हो , इसके भी निर्देश दिए गए हैं।

### पिंक बूथ और परिवार परामर्श केंद्र पर रखी जाएगी मॉनिटरिंग



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने कहा है कि महिला संबंधी अपराधों को लेकर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है, वह कमिश्नरेट में हर हाल में लागू रहेगी। उन्होंने कहा है कि महिला संबंधी अपराध के निस्तारण के लिए 20 पिंकू स्थापित किए गए हैं। साथ ही महिला अपराध में कमी लाने के लिए पारिवारिक समस्याओं के निस्तारण का काम परिवार परामर्श केंद्र पर किया जा रहा है, अगर कहीं पर समस्या है। तो 1090 जैसी हेल्पलाइन का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### जीरो टॉलरेंस की नीति पर पुलिस कर्मियों को उतरना होगा खरा





करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि सट्टेबाजी, जुआ, धोखाधड़ी, अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी जैसे अपराध करने वाले व अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चला कर अपराध नियंत्रण किया जाएगा। इससे समाज में शांति एवं सुव्यवस्था कायम रहे और आम नागरिक सुरक्षित महसूस करें। इसमें पुलिसकर्मियों को भी अपनी भूमिका स्पष्ट रखनी होगी। उनके क्षेत्र और इलाके में ऐसा करते पाए जाने पर वह दोषी माने जाएंगे और उनपर कार्रवाई भी होगी।

### कमिश्नरेट में बनाई गई 2096 बीट




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने जानकारी दी है कि सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले कोतवाली थानाक्षेत्र में 90 बीट, विजयनगर में 104, सिहानी गेट में 78, नंदग्राम में 96, कवि नगर में 104, तो मधुबन बापूधाम में 40 बीट बना कर कुल 512 बीट गठित की गई हैं। तो वही ट्रांस हिंडन जोन में इंदिरापुरम में 114, खोड़ा थानाक्षेत्र में 195, कौशांबी में 56, साहिबाबाद में 102, लिंक रोड में 82, शालीमार गार्डन में 50, टीलामोड में 94 और कुल 693 बीट निर्धारित की गई हैं। तो वहीं ग्रामीण जोन में सर्वाधिक 891 बीट बनाई गई हैं। जिसमें लोनी में 159, ट्रॉनिका सिटी 102, अंकुर विहार 59, लोनी बॉर्डर 102, मसूरी 66, मुरादनगर 105, मोदीनगर 90 ,भोजपुर 71, निवाड़ी 40, वेव सिटी 46 व क्रॉसिंग रिपब्लिक 51 बीट निर्धारित की गई हैं।

### बीट कांस्टेबल और बीट सब इंस्पेक्टर को इन बातों पर देना होगा ध्यान



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने सभी बीट ऑफीसर व उप निरीक्षकों द्वारा ड्यूटी पर निर्धारित साफ सुथरी वर्दी धारण करने के साथ ही मधुर व्यवहार रखने का निर्देश दिया है। बीट के ग्राम मोहल्ले, सोसायटी,मॉल , रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन, अस्पताल, बैंक, धार्मिक स्थल, सराफा मार्केट अन्य महत्वपूर्ण संस्थान आदि का पूरा जिक्र रखना होगा। साथ ही बीट ऑफीसर द्वारा पासपोर्ट, किराएदार, शस्त्र लाइसेंस का सत्यापन करना, वहीं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों, प्राप्त पत्रों की जांच, संबंध ,नोटिस, वारंट तामीला आदि भी करना होगा। साथ ही अपने क्षेत्र में किसी भी तरह का अनैतिक और अवैध गौरखधंधा नहीं होने देने की भी शपथ लेने के साथ उसका अनुपालन कराना होगा।

### संपर्क बढ़ाने के साथ रखनी होगी सोशली कनेक्टिविटी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने जन सामान्य से समन्वय बनाए रखने और संबंध बेहतर बनाने के लिए निश्चित रूप से जनता के साथ ही गणमान्य लोगों से संपर्क रखने और व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सूचना आदान-प्रदान करने का निर्देश दिया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अहम जिम्मेदारी निभानी होगी। साथ ही जनता से लगातार सम्पर्क के माध्यम से समस्याओं और लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पर कंट्रोल करना होगा। जन सामान्य के साथ मधुर व्यवहार , सम्मानजनक भाषा और थाने-चौकी पहुंचने पर बैठने के लिए कुर्सी देने, पानी पिलाने, बच्चों को ट्रॉफी और चॉकलेट जैसे गिफ्ट देने का भी निर्देश दिया गया है।

### पिछले साल दर्ज हुई 17000 से ज्यादा FIR

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने इस दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारी भी पत्रकारों के साथ साझा की है। उन्होंने बताया है कि पिछले वर्ष 17042 अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। तो वहीं थानों पर 15716 से ज्यादा शिकायतें मिली। इसके साथ ही बड़ी संख्या में किराएदारो, कर्मचारी चरित्र प्रमाण पत्र भी जारी किए गए हैं। कुल मिलाकर वर्ष 2024 में लगभग दो लाख लोगों ने पुलिस से अलग-अलग शिकायतों और कानूनी सलाह के लिए संपर्क करने का काम किया।

# पीएम मोदी की केरल को 8900 करोड़ की सौगात

## हजारों करोड़ की लागत से निर्मित 'विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट' को राष्ट्र को समर्पित किया

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विझिनजम अंतरराष्ट्रीय गहरे पानी के बहुउद्देशीय बंदरगाह का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी मौजूद रहे।**

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 8,900 करोड़ रुपये की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने हजारों करोड़ की लागत से निर्मित 'विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट' को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन भी मौजूद रहे। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (अढरऐ) की ओर से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है।

पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां दुनिया के बड़े मालवाहक जहाज आसानी से आ सकेंगे। अभी तक भारत का 75% ट्रांसशिपमेंट देश के बाहर के पोर्ट्स पर होता था, इससे बहुत बड़ा नुकसान होता आया है। ये परिस्थिति अब बदलने जा रही है। अब देश का पैसा देश के काम आएगा। जो पैसा बाहर जाता था, अब वो केरल और विझिनजम के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा।





**'आज भगवान आदि शंकराचार्य की जयंती' :** इससे पहले उन्होंने कहा कि आज भगवान आदि शंकराचार्य की जयंती है। तीन वर्ष पूर्व सितंबर में मुझे उनके जन्मभूमि क्षेत्र में जाने का सौभाग्य मिला था। केरल से निकलकर देश के अलग-अलग कोनों में मठों की स्थापना करके आदि शंकराचार्य जी ने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया। इस पुनीत अवसर पर मैं उन्हें नमन करता हूं।

**गुलामी से पहले के दौर का भी जिक्र किया :** उन्होंने कहा कि गुलामी से पहले हमारे भारत ने हजारों वर्ष की समृद्धि देखी है। एक समय वैश्विक जीडीपी में मेजर शेयर भारत का हुआ करता था। उस दौर में हमें जो चीज दूसरे देशों से अलग बनाती थी, वो थी समुद्री क्षमता, हमारी पोर्ट सिटी की आर्थिक गतिविधि। केरल का इसमें बड़ा योगदान था।

**विकास और व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता :** पीएम मोदी ने आगे कहा कि बंदरगाह अर्थव्यवस्था की पूरी क्षमता का एहसास तब होता है, जब बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता दी जाती है और बढ़ावा दिया जाता है। पिछले एक दशक में यह दृष्टिकोण सरकार की बंदरगाह और जलमार्ग नीतियों का आधार रहा है। औद्योगिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

**हार्ड हैट पहनकर ट्रांसशिपमेंट हब का चक्कर लगाया :** इससे पहले प्रधानमंत्री तिरुवनंतपुरम शहर से हेलीकॉप्टर द्वारा बंदरगाह क्षेत्र में पहुंचे। हार्ड हैट पहनकर ट्रांसशिपमेंट हब का चक्कर लगाया।

बाद में, उन्होंने केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, विजयन, गौतम अदाणी और थरूर की उपस्थिति में सुविधा के पहले चरण का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया।

### गौतम अडानी ने किया अभिनंदन

विझिनजम में अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी भी मौजूद रहे। उन्होंने पीएम मोदी का अभिनंदन किया।

बता दें कि यह परियोजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (अढरऐ) के साथ मिलकर तैयार की जाएगी।

### सागरमाला परियोजना का हिस्सा: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार ने राज्य सरकार के सहयोग से सागरमाला परियोजना के तहत पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है। पोर्ट कनेक्टिविटी को भी बढ़ाया है।



# देर रात मौसम ने ली अंगड़ाई

## दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बरसे बदरा

**नई दिल्ली।** मौसम के अचानक बदले तेवर के बाद यह जानना जरूरी है कि मई के दौरान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान झेलने वाले दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में अचानक पारा नीचे कैसे आ गया है? आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में क्या हाल रहने वाले हैं? इसके अलावा भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में मौसम को लेकर क्या अनुमान है?

देश के कई राज्यों में बीते कुछ दिनों से आम जनता को भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ा है। हालांकि, एक मई की देर रात को मौसम ने अचानक करवट ली। दिल्ली-



एनसीआर और उत्तर भारत के कई राज्यों में तेज हवाओं के साथ जबरदस्त बारिश भी हुई। आलम यह रहा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर कई फ्लाइट्स को उड़ान भरने से रोका गया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, झारखंड से लेकर छत्तीसगढ़ तक में आंधी-बारिश दर्ज की गई। अचानक मौसम बदलने का असर यह रहा कि इससे राजधानी दिल्ली समेत कई शहरों में जलजमाव की स्थिति बन गई। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तो फ्लाइट ऑपरेशन बुरी तरह प्रभावित रहा। इसके अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बदले मौसम के बीच बिजली और पेड़ गिरने की वजह से 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें यूपी-दिल्ली में 4-4 और छत्तीसगढ़ में दो की मौत की बात सामने आई है। मौसम के इस अचानक बदले तेवर के बाद यह जानना जरूरी है कि मई के दौरान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान झेलने वाले दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में अचानक पारा नीचे कैसे आ गया है? आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में क्या हाल रहने वाले हैं? इसके अलावा भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में मौसम को लेकर क्या अनुमान है?

### बारिश के बाद जलभराव का जायजा लेने सड़कों पर उतरीं सीएम रेखा गुप्ता

# कहा, ये बीमारी हमें पिछली सरकार से मिली

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी नई दिल्ली में शुक्रवार सुबह झ सुबह हुई जोरदार बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी लेकिन जगह झ जगह जलभराव की वजह से परेशानी भी पैदा कर दी। जलभराव की वजह से राष्ट्रीय राजधानी में कई जगहों पर जाम लग गया। इस बारे में जब मीडिया ने शुक्रवार सुबह दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि ये बीमारी जो हमें पिछली सरकार से मिली है, इसका इलाज होने में समय लगेगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया से कहा, ये बीमारी जो हमें पिछली सरकार से मिली है, इसका इलाज होने में समय लगेगा। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री खुद उन रास्तों से होकर आ रही है, जहां दिल्ली के हजारों लोग जाम में फंसे हुए हैं और इन अव्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए सरकार पूरी तरह से तत्पर है, सड़कों पर है, अधिकारी काम कर रहे हैं, प्रशासन दुरुस्त है। समय के साथ झ साथ इन सारी व्यवस्थाओं को ठीक करना हमारी जिम्मेदारी है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज मैंने मजनूं का टीला सहित



दिल्ली के विभिन्न इलाकों में बारिश की वजह से जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। इस समस्या के समाधान के लिए मैं संबंधित अधिकारियों के साथ खुद मौके पर मौजूद हूं। सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे दिल्ली में जलभराव वाले स्थानों की पहचान करें और उसका समाधान सुनिश्चित करें।

### दिल्ली की सड़कों पर जलभराव

मौसम विभाग ने दिल्ली में आंधी-तूफान को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान भारी बारिश की भी संभावना है।

दिल्ली में हो रही भीषण गर्मी से दिल्ली वासियों को देर रात से शुरू हुई बारिश से थोड़ी राहत मिली लेकिन कई इलाकों में जल जमाव की स्थिति देखने को मिली। जल जमाव की वजह से यातायात में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में सड़कों पर पेड़ गिर गए हैं, जिसकी वजह से यातायात बाधित हो गया है।

# अयोध्या: राम पथ पर अब नहीं बिकेगी शराब और मांस

**अयोध्या:** रामनगरी अयोध्या में नगर निगम ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने राम पथ के 14 किलोमीटर के दायरे में शराब और मांस की बिक्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव पास किया है। राम पथ, अयोध्या और फैजाबाद को जोड़ता है। इस रास्ते पर राम मंदिर भी है। इसके साथ ही पान, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट और इनरवियर के विज्ञापन पर भी रोक लगेगी। निगम का कहना है कि यह फैसला शहर की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर लिया गया है।

अयोध्या में पहले से ही मांस और शराब की बिक्री पर कई जगह रोक है। अब इस नए प्रस्ताव से अयोध्या के



कुछ और इलाके भी इसमें शामिल हो जाएंगे। मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या नगर निगम की कार्यकारी समिति ने शहर की धार्मिक भावना को बनाए रखने के लिए इस प्रतिबंध को लागू करने का प्रस्ताव पारित किया हैं। कार्यकारी समिति में बीजेपी के मुस्लिम पार्षद सुल्तान अंसारी भी शामिल हैं।

**कब से लागू होगा नियम, जल्द बताएगा निगम :** राम पथ सरयू तट से शुरू होकर फैजाबाद शहर तक जाता है। इस रास्ते पर अभी मांस और शराब की कई दुकानें हैं। जल्द ही नगर निगम यह बताएगा कि यह नियम कब से लागू होगा और इसे कैसे लागू किया जाएगा। इसके अलावा, अयोध्या नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट भी पास किया है। यह बैठक मेयर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। निगम को 7 अरब 56 करोड़ 61 लाख 27 हजार रुपये की कमाई होने का अनुमान है। वहीं, 7 अरब 42 करोड़ 55 लाख 96 हजार रुपये खर्च करने का प्लान है।

# तेज आंधी और बारिश लील गई 4 जिंदगियां

## दिल्ली के जाफरपुर कलां में पेड़ गिरने से मकान ढहा, महिला और तीन बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जाफरपुर कलां इलाके में तेज हवाओं के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां खेत में बने एक कमरे पर भारी नीम का पेड़ गिर गया, जिससे कमरा ढह गया। कमरे में मौजूद एक महिला और तीन मासूम बच्चों की मलबे में दबकर मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची राहत और बचाव टीम ने मलबे से सभी को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है, जिसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, यह घटना द्वारका जिले के खड़खड़ी नहर गांव की है। यहां तेज हवाओं के कारण एक विशाल नीम का पेड़ खेत में बने एक ट्यूबवेल के कमरे



पर गिर पड़ा। इससे कमरा पूरी तरह ढह गया और उसमें मौजूद महिला व तीन मासूम बच्चे मलबे में दब गए।

पुलिस को सुबह 5:26 बजे इस हादसे की सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। सभी को जाफरपुर कला स्थित फ्ळफअस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया।

मरने वालों में 26 वर्षीय ज्योति, उनकी तीन संतानें, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं, इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के वक्त परिवार खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे में मौजूद था, जो तेज हवाओं से गिरे पेड़ के नीचे आकर ढह गया। परिवार का एकमात्र बचा सदस्य अजय कुशवाह इस हादसे में घायल हुआ है। अजय मृतका ज्योति का पति है। अजय को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# 'हर-हर महादेव' के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से खुले बाबा केदारनाथ के कपाट

**उत्तराखंड।** देवभूमि उत्तराखंड स्थित केदारनाथ धाम के कपाट विधि विधान के साथ शुक्रवार सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। पुजारियों के वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं के जयकारे के बीच कपाट खुले और इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इससे पहले गुरुवार को ही बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली केदारनाथ धाम पहुंची थी। बाबा के दर्शनों के लिये करीब 15 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहले ही पहुंच चुके थे और जैसे ही गुरुवार सुबह कपाट खुले तो पूरा धाम 'हर-हर महादेव' और 'बम-



बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर बाबा केदार के मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से भव्य तरीके से सजाया गया था।

**पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा :** इससे पहले गुरुवार को में प्रदेश के डीजीपी दीपम सेठ एवं अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) श्री वी। मुरुगेशन ने श्री बद्रीनाथ और श्री केदारनाथ धाम में जाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं और अन्य तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने उन्हें सुरक्षा तैयारियों की जानकारी दी।

**इस बार मंदिर में फोन पर है पाबंदी :** केदारनाथ में यात्रियों के लिये गाइडलाइन्स जारी की गई हैं। केदारनाथ मंदिर परिसर के 30 मीटर के दायरे में मोबाइल के इस्तेमाल की इजाजत नहीं है। रील या फोटो शूट करते पाए जाने पर मोबाइल फोन जब्त कर लिये जाएंगे और 5000 का जुमार्ना देना पड़ सकता है

हर साल शीतकाल में भारी बर्फबारी के कारण बाबा केदारनाथ के मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। जैसे ही ग्रीष्म ऋतु का आगमन होता है, मंदिर के द्वार पुनः खुलते हैं और बाबा केदार भक्तों को दर्शन देकर आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

# नेशनल हेराल्ड मामला : सोनिया- राहुल को कोर्ट ने भेजा नोटिस

**नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुसीबत बढ़ गई है। दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दोनों नेताओं को नोटिस जारी किया है।**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दूसरी सुनवाई हुई। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने



सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी।

कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट पर संज्ञान लेने से पहले आरोपियों के पक्ष को सुनने का अधिकार छीना नहीं जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तावित आरोपियों को आरोपपत्र के संज्ञान के समय सुनवाई का अधिकार है। किसी भी स्तर पर सुनवाई का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

इससे पहले नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपपत्र दायर किया था। ईडी ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया था। ईडी ने सोनिया और राहुल नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है। आरोपपत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे समेत कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं। **क्या है नेशनल हेराल्ड मामला? :** नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था, इसे एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड यानी एजेएल की तरफ से प्रकाशित किया जाता था।

2008 में वित्तीय संकट के बाद समाचार पत्र बंद हो गया और यहीं से इस विवाद की शुरूआत हुई। इसके बाद 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी बनीं, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 38-38% हिस्सेदारी है। इस मामले में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में आरोप लगाया कि वाईआईएल ने एजेएल की 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों को मात्र 50 लाख रुपये में हासिल कर लिया।

# अगले 20 दिन युद्ध स्तर पर चलेगा सफाई अभियान : सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** साफ-सुथरी और सुंदर दिल्ली बनाने के लिए शुक्रवार से 20 दिन तक सफाई महाअभियान चलेगा। इसमें दिल्ली की हर गली, सड़क, पार्क को धूल-कचरा व पोस्टर मुक्त किया जाएगा। दिल्ली सरकार के विभिन्न विभाग, एमसीडी, डीएम-डीसी और पुलिस की संयुक्त टीमें इसके लिए काम करेंगी। सीएम रेखा गुप्ता ने सभी को जमीन पर उतरकर सफाई कराने की जिम्मेदारी दी है।

सचिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार है। ऐसे में सभी संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक



बुलाई गई, जिसमें दिल्ली सरकार, निगम, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे। यह राजधानी के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण सुधार की दिशा में सरकार की ओर से एक ठोस कदम है। इस अभियान को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए निगम, पुलिस, डीएम और अन्य संबंधित विभागों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। कई साल से जमा गंदगी और व्यवस्था में जमी निष्क्रियता को हटाने का प्रयास है। सीएम ने बताया कि सभी जोनल डीसी, डीएम और डीसीपी की स्पष्ट व व्यक्तिगत जिम्मेदारियां तय की गई हैं। हर जोन में अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि फुटपाथ, सड़कें, पार्क आदि धूल व कचरे से मुक्त हों। यदि किसी स्थान पर फुटपाथ या सड़क पर अतिक्रमण, सुरक्षा में चूक, स्वच्छता में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई होगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 03 मई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम
ट्वीट का करंट




## तनाव के बीच वायुसेना का दिखा पराक्रम

### पहली बार लड़ाकू विमानों ने एक्सप्रेसवे पर की नाइट लैंडिंग



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर अपना पराक्रम दिखाया। आसमान का सीना चीरते हुए राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिग-29, मिराज-200 और सुपर हरक्यूलिस विमानों ने जैसे ही गंगा एक्सप्रेसवे पर जलालाबाद के पीरू गांव के पास बनी हवाई पट्टी को चूमा, भारतीय वायुसेना के इतिहास में गौरव का एक और अध्याय जुड़ गया। अब भारत भी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग कराने वाले चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है।

पूर्वाह्न 11:30 बजे प्रस्तावित एयर शो खराब मौसम के कारण करीब एक घंटे विलंब से शुरू हुआ। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लड़ाकू विमानों की गर्जना ने वहां मौजूद लोगों के दिलों में रोमांच पैदा कर दिया। बरेली के त्रिशूल एयरबेस से उड़ान भरने के बाद वायुसेना के विमान और हेलिकॉप्टर गंगा एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर टच एंड गो करते रहे। एमआई-17 वी-5 हेलिकॉप्टर से जवानों ने रस्सी के सहारे नीचे उतरने का अभ्यास किया।

**दिन में दिखाया शौर्य, रात में रचा कीर्तिमान :** दोपहर 12:40 बजे शुरू हुआ एयर शो करीब 2:30 बजे तक चलता रहा। शुरूआत सैन्य परिवहन विमान एएन-32 की लैंडिंग से हुई। इसके बाद सी-130 जे हरक्यूलिस विमान नीचे उतरा। फिर जगुआर, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, राफेल के दो-दो विमान गर्जना करते हुए गुजरे। इस दौरान हजारों क्षेत्रवासी दूर से ही वायुसेना का शौर्य प्रदर्शन देखते रहे। फिर रात आठ बजे से विमानों की नाइट लैंडिंग शुरू हुई। रात दस बजे तक विभिन्न लड़ाकू विमान एक्सप्रेसवे पर लैंडिंग और टेकऑफ करते रहे। इस दौरान शाम सात से रात दस बजे तक कटरा-जलालाबाद हाईवे को वाहनों के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया।

**आपात स्थिति में मददगार होगी वैकल्पिक हवाई पट्टी :** देश में पहली बार किसी भी एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी पर रात में लड़ाकू विमान उतरे। इसके पीछे का उद्देश्य यह है कि युद्ध की स्थिति में अगर दुश्मन देश बमबारी कर एयरबेस की हवाई पट्टी को नष्ट कर दे तो विकल्प के रूप में एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जा सके। आपात स्थिति में तत्काल सैन्य कार्रवाई के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। हाईवे को सफर के साथ ही देश की सुरक्षा में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

**सुखोई-30 की कलाबाजियों ने किया रोमांचित, छह बार चूमी हवाई पट्टी :** दो सुखोई-30 विमानों ने छह बार हवाई पट्टी को चूमा। साथ ही काफी कम ऊंचाई पर कलाबाजियां दिखाकर लोगों के दिल को रोमांच से भर दिया। दो राफेल विमानों ने भी हवाई पट्टी पर टच डाउन किया। परिवहन विमान सुपर हरक्यूलिस ने भी दो बार एक्सप्रेसवे को छुआ। मिग-29 व जगुआर ने भी दो-दो बार टच डाउन किया।

## जाति का आरक्षण लागू था इसलिए आरक्षण से न तो हमारा कोई हक छिना और न हमें आरक्षण का कोई लाभ मिला



**क्या सच में इस आरक्षण से उस समाज के एक उल्लेखनीय वर्ग को कोई लाभ मिल गया है?**

**क्या मंडल कमीशन से लाभान्वित समाज का कोई एक छोटा सा वर्ग भी कहने की स्थिति में है कि हमने इससे प्राप्त लाभ से अपने को आगे बढ़ाया है?**

**पता नहीं जातियों की जनगणना के बाद किस जाति को कितना लाभ मिलेगा और वह भी कब तक मिलेगा सारा भविष्य के गर्भ में छिपा है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अगर मैं देश हित, समाज हित जैसे विषयों को छोड़कर एक दम स्वार्थी हो कर निजी लाभ और हानि को ध्यान में रखकर आरक्षण को लेकर अपने ऊपर विचार करता हूं तो मैं अपनी पांच पीढ़ी को देख पाया हूं। मेरे बाबा जी से लेकर मेरे पोतों तक,उनमें से केवल मेरे एक भाई को सरकारी नौकरी मिली। वह भी जब केवल अनुसूचित जाति का आरक्षण लागू था। इसलिए आरक्षण से न तो हमारा कोई हक छिना और न हमें आरक्षण का कोई लाभ मिला। हम जिस जाति में पैदा हुए, जिस व्यवसाय से संबंधित परिवार में पैदा हुए, जिस साधनों वाले परिवार में पैदा हुए, उसमें हमारी कोई भूमिका नहीं थी। यह कोई संयोग है या कोई प्रयोग है, हमें पता नहीं है। फिर हमें दूसरे को आरक्षण मिलने से क्यों ईर्षा हो?, विद्वेष हो?, विरोध हो?

संविधान ने अनुसूचित जातियों को आरक्षण दिया और दस वर्ष के लिए दिया। अब बढ़ते बढ़ते 75 वर्ष होने को जा रहा है लेकिन क्या सच में इस आरक्षण से उस समाज के एक उल्लेखनीय वर्ग को कोई लाभ मिल गया है? ऐसे ही मंडल कमीशन देश के प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 7 अगस्त 1990 को लागू किया। आज मंडल कमीशन को लागू हुए 35 वर्ष हो गए हैं। क्या मंडल कमीशन से लाभान्वित समाज का कोई एक छोटा सा वर्ग भी कहने की स्थिति में है कि हमने इससे प्राप्त लाभ से अपने को आगे बढ़ाया है? अगर कोई वर्ग ऐसा कहने की स्थिति में नहीं है तो इसका कारण ये नहीं है कि उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है बल्कि ये है कि जो लाभ मिल गया है, वह मेरा हक है और मैं उसे किसी कीमत पर छीनने नहीं दूंगा। अब तक के आरक्षण के लाभार्थियों का एक नया वर्ग बन गया है।जो सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से बेहतर हुआ है और वह अपनी पूरी शक्ति लगाकर अपने को प्राप्त लाभ की रक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार है। जहां तक मुझे ध्यान पड़ता है, कोर्ट ने आरक्षित वर्ग पर एक क्रीमीलेयर की सीमा लगाई थी जिसमें एक सीमा तक लाभ पाने वालों को उस लाभ से आइंदा के लिए वंचित करने की व्यवस्था की थी। लेकिन कोई सरकार आज तक किसी को भी किमीलेयर घोषित करके वंचित नहीं कर पाई है। यह स्थिति पिछड़ों के मामले में तो है ही, अनुसूचित जाति के लाभार्थी तो कहते हैं कि क्रीमीलेयर उनके लिए है ही नहीं।

जब तक किसी भी वर्ग के वे लाभार्थी लाभ लेना नहीं छोड़ेंगे जो एक सीमा तक पहुंच गए हैं तब तक लाभ उन तक कैसे पहुंचेगा जिनको अभी तक लाभ नहीं मिल सका है। उत्तर प्रदेश में राजनाथ सिंह जी ने अति दलित अति पिछड़ों को आरक्षण लागू किया था। उसका सबसे ज्यादा विरोध उन समाज से हुआ था जो अपने समाज में आरक्षण का लाभ लेकर कुछ बेहतर स्थिति में पहुंच गए हैं। जब तक क्रीमीलेयर का सिद्धांत लागू नहीं होगा तब तक किसी भी समाज के अति पिछड़ों को इसका लाभ नहीं मिलेगा।

आज जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति में हैं या पिछड़ी जाति में हैं, वह स्थिति भी स्वीकार्य नहीं है। बहुत सारे वर्ग के लोग अभी भी अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ों में शामिल होने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कोई कोई सरकारें समय समय पर एक वर्ग को दूसरे वर्ग में शामिल होने की घोषणा करती रहती हैं। लेकिन आज तक किसी जाति वर्ग ने अपने को अगड़ा घोषित करने के लिए मांग नहीं की है।

पता नहीं जातियों की जनगणना के बाद किस जाति को कितना लाभ मिलेगा और वह भी कब तक मिलेगा सारा भविष्य के गर्भ में छिपा है। लेकिन राजनेताओं की जातियों की राजनीति की फसल खूब लहलहाएगी। और साथ ही समाज में मिलने और छीनने की आशंकाओं से ईर्षा और नफरत की खेती भी खूब होगी।

## समरकूल मैन संजीव गुप्ता की मेहनत ने बना दिया गाजियाबाद को देश में खास

### 33 वर्षों के बाद गाजियाबाद ने तोड़ा सर्वाधिक सेल्स का रिकॉर्ड

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल ग्रुप अपने उत्पादों के लिये जाना जाता है। सबसे खास बात ये है कि इस समूह ने बीते कुछ वर्षों में अपनी गुणवत्ता से अपने उत्पादों को देश में एक अलग स्थान प्राप्त कराया है। समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता गाजियाबाद के उन प्रमुख उद्योगपतियों में हैं जो क्वालिटी के साथ कभी समझौता नहीं करते।

संजीव गुप्ता के नेतृत्व में समरकूल ग्रुप लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहा है। हाल ही में समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था और समरकूल ग्रुप के लिये एक बार फिर वो मौका आया है जब वो अपनी सफलता पर गौरवान्वित हो सकते हैं। संजीव गुप्ता ने समूह के चेयरमैन के रूप में अपनी मेहनत से ना केवल अपनी कंपनी को एक बड़ा मुकाम दिया है बल्कि उनकी इस उपलब्धि से गाजियाबाद भी देश के उत्पाद में एक खास स्थान हासिल करने वाला शहर बना है। 33 वर्षों के बाद ये मौका आया है जब समरकूल ग्रुप ने सर्वाधिक सेल्स का रिकॉर्ड बनाया है। समरकूल ग्रुप ने हाल ही में प्रयागराज में अपनी यूनिट लगाने की घोषणा की, इस पर काम शुरू हुआ।

संजीव गुप्ता ने वर्ष 2025 में रिकॉर्ड तोड़ सेल्स के लिये सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 33 वर्षों के सफर में समरकूल ग्रुप ने ये उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपनी इस सफलता को समरकूल परिवार के साथ साझा किया।




### डिस्ट्रीब्यूटर-डीलर्स और करोड़ों उपभोक्ताओं का हृदय से धन्यवाद

**करंट क्राइम।** समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने 33 वर्षों के सफर में रिकॉर्ड तोड़ सेल्स के लिये सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समरकूल होम एप्लाइंसेस लिमिटेड की एयरकूलर सेल्स ने 33 वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़े। हमने अपने 33 वर्षों के सफर में वर्ष 2025 में सर्वाधिक सेल्स का इतिहास रचा है। संजीव गुप्ता ने इसके लिये अपने देशभर के हमारे सैंकड़ों डिस्ट्रीब्यूटर्स -डीलर और करोड़ों उपभोक्ताओं को बधाई दी और कहा कि समरकूल गोल्डन परिवार की ओर से आप सभी का हृदय से धन्यवाद।

## हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में फिर फूटा पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी का गुस्सा

### मेयर और महानगर अध्यक्ष को कहा- जनता माफ नहीं करेगी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी किये जाने को लेकर चार दिन पहले नगर निगम के पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी और हिमांशु मित्तल ने एक प्रैसवार्ता की। इन तीनों ही पूर्व पार्षदों ने यहां हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को अनुचित बताया था। वहीं उन्होंने निगम एक्ट का हवाला दिया था और जनप्रतिनिधियों की इस मुद्दे पर खामोशी पर भी हैरानी जताई। एक बार फिर पूर्व पार्षर राजेंद्र त्यागी हाउस टैक्स के मामले को लेकर सामने आए हैं। उन्होंने फिर से नियमों का हवाला दिया है, फैक्ट बताए हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि राजेंद्र त्यागी दस्तावेजों के एक बड़े बंच के साथ सामने हैं। उन्होंने ये फाइल मेयर सुनीता दयाल को भी भेजी है और भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को भी भेजी है। पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने नगर निगम एक्ट तथा सार्वजनकि सूचनाओं का हवाला दिया है। कई पुराने फैसले बताए हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि ये सभी जानकारी उन्होंने सांसद और विधायकों को भेजी है और अब वो इस जानकारी को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के पास दी है। खास बात यह है कि राजेंद्र त्यागी ने कुछ शब्द लिखे हैं और उन्होंने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है उससे लग रहा है कि अब ये लड़ाई लंबी हो सकती है।




राजेंद्र त्यागी ने यहां मेयर सुनीता दयाल को मैसेज फॉरवर्ड किया है और कहा है कि बहनजी इस लेटर को पढ़ो। राजेंद्र त्यागी ने दो मैसेज फॉरवर्ड किये और एक मैसेज मेयर सुनीता दयाल को और दूसरा मैसेज भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को भेजा है। पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने मेयर सुनीता दयाल और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को इस मामले में अपनी जिम्मेदारी निभाने का सुझाव दिया है और कहा है कि आप अपनी जिम्मेदारी निभाएं वरना जनता माफ नहीं करेगी। राजेंद्र त्यागी ने 18 अप्रैल के उस लेटर का भी जिक्र किया है जो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा। राजेंद्र त्यागी पूरे मामले में कई दस्तावेजों के साथ हैं और अब वो ये चाहते हैं कि संगठन अध्यक्ष और मेयर भी टैक्स के मामले में हस्तक्षेप करें। वो इसे जनता से जोड़कर देख रहे हैं।

## गाजियाबाद में 10 मई 2025 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जारी की राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिह्नित मामलों की सूची




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।


जिसमें विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण हेतु रखा जायेगा। जिसके क्रम में प्रभारी जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 10 मई 2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों की सूची जारी की है।

### अन्य मामले इस प्रकार हैं



**क्रिमिनल मामले :** बिजली (गैर-कंपाउंडेबल को छोड़कर), वेतन एवं भत्ते तथा सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा मामले।
**ई-ट्रैफिक चालान :** 34 पी एक्ट, एमवी एक्ट।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में इन मामलों का किया जाएगा निस्तारण





**करंट क्राइम।** अपराधिक शमनीय मामले, एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामले, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के मुकदमे, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, पानी का बिल (चोरी के मामलों को छोड़कर), मध्यस्थता के मामले अन्य सिविल मामले (किराया सुखाधिकार निषेधाज्ञा मुकदमे विनिर्दिष्ट अनुपालन मुकदमे) आदि।

### प्रशासन स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रस्तावित वादों/प्रकरणों की सूचना

**उपजिलाधिकारी के स्तर पर :—** राजस्व वाद, भरण पोषण से संबंधित वाद, पारिवारिक, प्रमाण पत्र से संबंधित प्रार्थना पत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र एवं हैसियत से संबंधित प्रार्थना पत्र इसी प्रकार के अन्य वादों का निस्तारण किया जायेगा।

**तहसीलदार, न्यायालय स्तर पर :—** राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद, धारा 67, ग्राम सभा भूमि से बेदखल संबंधी वाद का निस्तारण किया जायेगा।

**नायब तहसीलदार स्तर पर :—** न्यायालय राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद का निस्तारण किया जायेगा।

**जिला प्रोबेशन अधिकारी के स्तर पर :—** विभागीय योजनाओं के क्रम में योजनाएं से संबंधित शिकायतें तथा पेंशन इत्यादि समय से न प्राप्त होना, योजनाओं का लाभ न मिलने के क्रम में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाता है। चाइल्ड लाइन के अंतर्गत बच्चों से संबंधित शिकायती प्रकरणों में यथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाता है, वन स्टाफ सेंटर के अंतर्गत महिलाओं संबंधी घरेलू हिंसा, किसी भी प्रकार की आकस्मिक सहायता इत्यादि से संबंधित प्राप्त होने वाले केसों को निस्तारण किया जायेगा।




**बाट तथा माप विभाग के स्तर पर :—** विधिकमान विज्ञान (बाट/माप) लें कांटे-बार की मुहर तिथि निकलने एवं पैकेज्ड कोमोडिटी के मामले से संबंधित केस एसीजेएम कोर्ट एवं लोक अदालत में निस्तारण किया जायेगा। है।

**नगर पंचायत स्तर पर :—** हाउस टैक्स, जलकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई और बिजली से संबंधित, भूमि विवाद अतिक्रमण राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा।

**बैंक से संबंधित :—** एनपीए खातों से संबंधित विवादों का निस्तारण किया जायेगा।

**पुलिस विभाग :—** ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा।




**भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) :—** टेलीफोन से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा।

**जिला पूर्ति अधिकारी :—** जनहित, राशन कार्ड से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा।

**नगर निगम गाजियाबाद :—** हाउस टैक्स, वाटर टैक्स, सीवर टैक्स से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा।

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण :—** अतिक्रमण से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कराकर, करें लाभ प्राप्त : सचिव



करंट क्राइम। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद ने जनपद के सभी व्यक्तियों एवं वादकारियों से अनुरोध किया कि 10 मई 2025 को उपस्थित होकर ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त करें एवं लोक अदालत को सफल बनायें।

## संपादकीय

# डिजिटल अधिकार

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कि डिजिटल सेवाओं तक पहुंच हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है, आज के वक्त की जरूरत है। डिजिटल पहुंच जीवन को सिर्फ आसान ही नहीं बनाती, बल्कि जीने के लिए समान अवसर भी देती है। सामाजिक-आर्थिक अंतर को पाटने का एक तरीका यह भी है कि डिजिटल मोर्चे पर सभी को एक जैसे मौके मुहैया कराए जाएं।

आर्टिकल 21 का जिक्र दो एसिड सर्वाइवर्स की वजह से इतना अहम मुद्दा सामने आया। इनमें से एक सर्वाइवर की आंखें नहीं झपकतीं और एक पूरी तरह से नेत्रहीन है। इस वजह से दोनों का बैंक केवाईसी नहीं हो सका। दोनों ने याचिका दायर कर केवाईसी नियमों में बदलाव की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने इस केस को बड़े परिप्रेक्ष्य में देखा और संविधान के आर्टिकल 21 का जिक्र किया, जो सभी को गरिमा के साथ जीने और आजीविका कमाने का अधिकार देता है।

केवाईसी की प्रक्रिया बदलेगी आज लगभग सभी सेवाएं और सुविधाएं डिजिटली मौजूद हैं। अगर शारीरिक दिक्कत की वजह से कोई इन सेवाओं-सुविधाओं से वंचित रह जाता है, तो यह उसके अधिकारों पर चोट है। इसी वजह से कोर्ट ने केंद्र, आरबीआई और सभी संबंधित रेगुलेटरी अथॉरिटी को केवाईसी प्रक्रिया में बदलाव का आदेश दिया है। अभी कहानी अधूरी चीन के बाद इंटरनेट यूजर्स के मामले में भारत दूसरे नंबर पर है। सरकार के पिछले साल अगस्त में जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में 95 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट सब्सक्राइबर्स थे। इनमें से करीब 39 करोड़ आबादी ग्रामीण थी। सरकारी डेटा के मुताबिक, 95.15% गांवों तक इंटरनेट की पहुंच हो गई थी। ये आंकड़े डिजिटल इंडिया की तरक्की की कहानी कहते हैं, लेकिन यह कहानी तब तक अधूरी है, जब तक इंटरनेट के जरिये लोगों को बदलाव का मौका नहीं मिलता।

डिजिटल दूरी सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में जिस डिजिटल डिवाइड की बात की, वह एक बड़ी हकीकत है। डिजिटल सुविधाओं का फायदा उठाने के मामले में भी समाज में एक बड़ी खाई है। टेक्नॉलजी, उससे जुड़ी जानकारी, भाषा – ऐसे तमाम गतिरोध हैं, जो बड़ी आबादी को डिजिटल क्रांति का फायदा लेने से रोकते हैं। शीर्ष अदालत ने इन्हीं परेशानियों को संबोधित किया है।

सरकार की जिम्मेदारी शीर्ष अदालत ने माना कि डिजिटल खाई को पाटना अब केवल नीति का मसला नहीं रहा, यह एक संवैधानिक जरूरत बन चुका है, ताकि हर नागरिक को सम्मानपूर्ण जीवन, स्वायत्तता और सार्वजनिक जीवन में समान भागीदारी मिल सके। अब यहां से सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस मसले पर गंभीरता से आगे बढ़े। टेक्नॉलजी अपने में खुद कभी भेदभाव नहीं करती और उसकी असली ताकत भी इसी में है कि वह सभी को समान रूप से उपलब्ध हो।

# दो साल पहले वापस लिए गए 2000 रुपये के नोट अब भी प्रचलन में

## आरबीआई ने किया खुलासा

**नई दिल्ली।** आरबीआई के अनुसार 2000 रुपए के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (फ्इक) ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। अब इस मामले में केंद्रीय बैंक ने नया अपडेट जारी किया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। रिजर्व बैंक की ओर से 2000 रुपये का नोट वापस लिए जाने के दो साल बाद भी 6,266 करोड़ रुपये के ये नोट प्रचलन में हैं। आधिकारिक आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई है। आरबीआई के अनुसार 2000 रुपए के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (फ्इक) ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

शुक्रवार को एक बयान में, आरबीआई ने कहा कि प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य, जो कि 19 मई 2023 को कारोबार बंद होने पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था।, जब वापसी की घोषणा की गई थी, 30 अप्रैल 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,266 करोड़ रुपये हो जाएगा।




केंद्रीय बैंक ने कहा, इस प्रकार, 19 मई 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 98.24 प्रतिशत बैंक नोट वापस आ चुके हैं। ऐसे बैंक नोटों को जमा करने और/या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अभी भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

9 अक्तूबर 2023 से, आरबीआई के निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के नोट को अपने बैंक खातों में जमा कराने के लिए किसी भी आरबीआई कार्यालय में भेज सकते हैं।

# शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान पर हुआ बंद

## सेंसेक्स 260 अंक चढ़ा, निफ्टी सपाट



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएई सेंसेक्स 259.75 (0.32%) अंक मजबूत होकर 80,501.99 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, 50 शेयरों का एनएसई निफ्टी 12.50 (0.05%) अंकों की मामूली बढ़त हासिल कर 24,346.70 पर लगभग सपाट बंद हुआ।

घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएई सेंसेक्स 259.75 (0.32%) अंक मजबूत होकर 80,501.99 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, 50 शेयरों का एनएसई निफ्टी 12.50 (0.05%) अंकों की मामूली बढ़त हासिल कर 24,346.70 पर लगभग सपाट बंद हुआ।

# 2019 के बाद से सीईओ का वेतन 50 और कर्मचारियों का महज 0.9 फीसदी बढ़ा, ऑक्सफैम की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ का औसत वेतन सालाना 17 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि वैश्विक सीईओ के औसत वेतन में 2019 के बाद से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। असमानता का आलम यह है कि इसी दौरान कर्मचारियों का वेतन केवल 0.9 फीसदी ही बढ़ा है। ऑक्सफैम की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की कमाई से अधिक आय अर्जित करता है। आयरलैंड और जर्मनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ हैं। 2024 में इनका औसत वेतन क्रमशः 67 लाख डॉलर और 47 लाख डॉलर रहने का अनुमान है। दक्षिण अफ्रीका में सीईओ का औसत वेतन 2024 में 16 लाख डॉलर जबकि भारत में यह 20 लाख डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहर ने कहा, साल दर साल हम यही देखते हैं। सीईओ का वेतन आसमान छूता है, जबकि श्रमिकों के वेतन में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होती। यह व्यवस्था ठीक उसी तरह काम कर रही है, जैसा कि इसे बनाया गया है। लाखों कामकाजी लोग किराया, भोजन और स्वास्थ्य सेवा का खर्च उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि अमीर और अमीर हो रहे हैं।



### वर्तमान वेतन से जीवनयापन मुश्किल

रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक सीईओ के वेतन में वृद्धि ऐसे समय में की गई है जब वर्तमान वेतन से कर्मचारियों के लिए जीवनयापन मुश्किल हो रहा है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर वेतन असमानता में कमी आई है पर यह कम आय वाले देशों में अब भी बहुत अधिक है।

### शीर्ष पदों पर 17 फीसदी महिलाएं

कॉरपोरेट में शीर्ष पदों पर केवल 17 फीसदी महिलाएं हैं। एडलगिव के अनुसार, शीर्ष स्तर पर पुरुषों का एकाधिकार है। सीईओ नगमा मुल्ला ने कहा, महिलाओं को नेतृत्वकारी भूमिका में पहुंचने के लिए रुकावटों का सामना करना पड़ता है।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में 10 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। पीएमआई सर्वे में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरूआत में विदेश से नया कारोबार 14 वर्षों में सबसे अधिक बढ़ा और इस मांग का नेतृत्व अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका ने किया। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की गति अप्रैल में सुधरी है और उत्पादन जून 2024 के बाद सबसे तेज गति से बढ़ा है। शुक्रवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई)



मार्च में 58.1 से बढ़कर अप्रैल में 58.2 हो गया। यह दस महीनों में इस क्षेत्र में सबसे मजबूत सुधार दशार्ता है। पीएमआई की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दशार्ता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दशार्ता है। उत्पादन वृद्धि में नवीनतम सुधार में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक नए व्यवसाय में तेज वृद्धि थी। विनिर्माण क्षेत्र की विस्तार दर को बेहतर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मांग से समर्थन मिला। सर्वेक्षण के अनुसार, कुल बिक्री को अंतर्राष्ट्रीय ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि से मदद मिली। पीएमआई सर्वे में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरूआत में विदेश से नया कारोबार 14 वर्षों में सबसे अधिक बढ़ा और इस मांग का नेतृत्व अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका ने किया।

## रोचक तथ्यों का करंट

- बिना खाने के हम 20 दिनों तक रह सकते हैं लेकिन पानी के बिना एक सप्ताह तक ही रह सकते हैं।
- भारत के द्वारा उड़ाए जाने वाला पहला Rocket cycle में लाया गया था।
- मानव शरीर की झांकी हड्डी किसी कंक्रीट से भी ज्यादा मजबूत होती है।
- एक मामूली चिड़िया प्रतिदिन अपने वजन के बराबर खाना खा जाती है, जबकि 50 किग्रा. का मनुष्य 50 किग्रा. भोजन नही खा सकता।
- अधिकतर पंछियों के लिए चॉकलेट जहर होता है . इसमें theobromine और Caffeine नामक दो रसायन होते हैं, जिनको इंसान तो पचा सकता है लेकिन पंछी और कुत्ते नहीं।
- इंसान के दिमाग में लगभग 78 प्रतिशत पानी होता है।
- बुद्धिमान लोग सामान्य लोगों की तुलना में जल्दी गुस्सा हो जाते हैं।
- हिप्पो जब घबराता है तो उसके पसीने का रंग लाल हो जाता है।
- दुनिया का पहला Hospital train भारत में ही स्तिथ हैं।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि अगर आप को कॉकरोच का सर काट दे तो भी वह हफ्तों तक जिंदा रह सकता है।

## राशिफल

**मेष:** वाणी में मधुरता रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबारी कार्यों के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृष:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के साथ किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। आय में वृद्धि भी होगी।

**मिथुन:** मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। कारोबार विस्तार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जाने के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु कुछ मानसिक परेशानियां भी हो सकती है। धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कुछ कमी भी आ सकती हैं। संयत रहें। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। आत्मसंयत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां भी आ सकती हैं।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। वाहन सुख में कमी आ सकती है।

**धनु:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग भी मिलेगा।

**मकर:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कुंभ:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। कारोबारी कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मीन:** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी व्यर्थ के मानसिक तनाव से बचें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ेंगे।

## चुटकुले

बच्चा- पापा, हमारे पड़ोसी बहुत गरीब हैं.
पापा- तुम्हें कैसे पता ?
बच्चा- उनके बेटे ने एक रुपये का सिक्का निगल लिया और उसकी मां का रो-रो कर बुरा हाल है।

---

मच्छर का बच्चा पहली बार उड़ा, जब वापस आया तो
पापा ने पूछा : कैसा लगा उड़कर?
मच्छर ने कहा : बहुत अच्छा... जहां भी गया, लोग तालियां बजा रहे थे।

---

ट्रेन में दो यात्री बात कर रहे थे....
पहला – व्हाट्सएप इंसान को हमेशा आगे बढ़ाता है।
दूसरा – वो कैसे?
पहला – अब मुझे ही देखिए, दो स्टेशन पीछे उतरना था,
लेकिन मैं तो आगे आ गया




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# रोहित शर्मा ने टी-20 क्रिकेट में हासिल की नई उपलब्धि



## ऐसा करने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट में एक नई उपलब्धि अपने नाम कर ली है। रोहित शर्मा दुनिया के दूसरे ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने एक टी20 टीम के लिए 6000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। रोहित शर्मा से ज्यादा रन एक टीम के लिए सिर्फ विराट कोहली ने बनाए हैं। विराट ने आरसीबी के लिए 8000 से ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा ने ये कमाल किया है। लिस्ट में एमएस धोनी और सुरेश रैना जैसे दिग्गजों का नाम भी शामिल है।

एक टीम के लिए टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम दर्ज है, लेकिन रोहित शर्मा दुनिया के दूसरे ऐसे क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने एक टीम के लिए टी20 क्रिकेट में 6000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रनों का आंकड़ा पार कर लिया है। रन मशीन विराट कोहली 8871 रनों के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलरू यानी आरसीबी के लिए आईपीएल और चैंपियंस लीग टी20 में इतने रन बनाए हैं। हिटमैन रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के बल्लेबाज जेम्स विंस का रिकॉर्ड तोड़ा है। जेम्स विंस ने 5934 रन हैंपशायर



टीम के लिए टी20 क्रिकेट में बनाए हैं। वहीं, भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना 5529 रन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बनाने में सफल हुए थे। उन्होंने भी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल और चैंपियंस लीग टी20 खेली थी। लिस्ट में एमएस धोनी का नाम भी शामिल है, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 5269 रन बनाए हैं। एमएस धोनी आईपीएल और चैंपियंस लीग टी20 में सीएसके लिए खेले हैं।

# वैभव सूर्यवंशी ने वैशाली में की थी तूफानी शतक की प्रैक्टिस, बिहार के रणजी प्लेयर्स ने सुनाया किस्सा

**वैशाली।** क्रिकेट की दुनिया में एक नया सितारा जगमगा रहा है, जिसने महज 14 साल की उम्र में अपनी बेखौफ बल्लेबाजी से ऐसा तूफान ला दिया जिसमें सारे कीर्तिमान ध्वस्त हो गए। इस छोटे बच्चे ने आईपीएल के दिग्गज गेंदबाजों की ऐसी कुटाई की, जिसे सालों तक याद किया जाएगा। जी हांड्ढहम बात कर रहे है आईपीएल में महज 35 गेंद में शतक लगाने वाले बिहार के लाल वैभव सूर्यवंशी की। वैसे तो वैभव बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले है, लेकिन वैशाली से भी उनका जुड़ाव रहा है।



वैभव वैशाली के भगवानपुर रत्ती स्थित डॉक्टर जेपी सिन्हा स्टेडियम में अभ्यास के लिए आते रहे हैं। आईपीएल में सलेक्ट होने से पहले भी वैभव इस मैदान पर पहुंचे थे और कई दिनों तक यहां रहकर अभ्यास भी किया था। जब लोकल 18 की टीम यहां पहुंची, तो रणजी खेल चुके खिलाड़ियों के साथ-साथ वैसे खिलाड़ी भी मिले जो ना सिर्फ वैभव के साथ खेल चुके है बल्कि उन्हें अच्छे से जानते भी हैं।

लोकल 18 की टीम ने स्थानीय खिलाड़ियों से बात की, जहां वैभव के बारे बहुत कुछ जानना को मिला। वैभव के सीनियर और बिहार टीम में खेल चुके संतोष प्रभाकर ने बताया कि आईपीएल में वैभव का शतक उनकी मेहनत का नतीजा है। जिस तरह से वैभव ने कठिन परिश्रम किया है, उसे सफलता मिलना तय था। लेकिन उतनी जल्दी और इतनी बड़ी सफलता मिलेगी, इसकी उम्मीद कम थी। उन्होंने बताया कि वैभव जिस तरह से गेंदबाजो को खेल रहे थे, मानो मंझा हुआ बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहा हो। सोनपुर रेलवे टीम के सलामी बल्लेबाज फैज अली खान ने बताया कि वैभव के साथ ईश्वर का आशीर्वाद है। वह मेहनत बहुत करता है, जिस तरह से वह मेहनत करता है। उसे सफलता मिलनी तय है। फैज ने बताया कि आईपीएल के इस सीजन में गुजरात टाइटंस की तरफ से मोहम्मद सिराज सबसे खतरनाक गेंदबाज हैं, लेकिन जिस तरह से वैभव ने सिराज को छक्का लगाया, वह देख कर लग गया था कि यह लड़का बेहद खास है।

बहरहाल वैभव ने सिर्फ 4 आईपीएल मैचों में ही अपनी आतिशी बल्लेबाजी से क्रिकेट के पंडितों को हैरान कर दिया है। 4 मुकाबलों में वैभव ने करीब 210 की स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाएं हैं। सिर्फ 72 गेंदों में वैभव ने अब तक 9 चौके और 16 छक्के जड़े हैं। वैभव हर तीसरी गेंद पर चौका और छक्का जड़ दे रहे हैं। इसलिए स्थानीय लोग वैभव को लोग वंडर बॉय के नाम से बुलाने लगे है। आम लोगों का कहना है कि 14 साल के बिहारी ने बता दिया है कि एक बिहारी सौ पर भारी।

### राजस्थान आईपीएल की प्लेऑफ रेस से बाहर

# मुंबई ने 100 रन से हराया, टीम लगातार छठा मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आई



**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मौजूदा सीजन के प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। टीम को मुंबई इंडियंस ने 100 रनों के बड़े अंतर से हराया। यह मुंबई की लगातार छठी जीत है। इस जीत के सहारे मुंबई की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में दो विकेट पर 217 रन बनाए। 218 रन का टारगेट चेज कर रही राजस्थान की टीम 16.1 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट हो गई। ट्रेंट बोल्ट और कर्ण शर्मा ने 3-3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह को 2-2 विकेट मिले। राजस्थान का कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। मुंबई की ओर से सूर्यकुमार यादव और कप्तान हार्दिक पंड्या 48-48 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने नाबाद 94 रनों की साझेदारी की। ओपनर रायन रिकेलटन ने 61 रन और रोहित शर्मा ने 53 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। रायन रिकेलटन प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

# बटलर को रोकना है तो शमी और कमिंस को धावा बोलना होगा

**मुंबई।** आईपीएल 2025 के 51वें मुकाबले में मेजबान गुजरात टाइटंस का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से अहमदाबाद में होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए पांच मुकाबलों में जीटी का पलड़ा 4-1 से भारी है, जबकि अहमदाबाद में हुए दोनों टीमों के बीच दो मुकाबलों में जीटी की टीम ने ही बाजी मारी है। वर्तमान फॉर्म भी जीटी के साथ है और नौ में से छह मुकाबला जीतकर जीटी टॉप-4 में है, वहीं इतने ही मुकाबलों में छह मैच हारकर एसआरएच अंक तालिका में 10 में से नौवें स्थान पर है।

### अपने पुराने घर पर शमी ढूंढना चाहेंगे अपनी लय

शमी के लिए अभी तक का आईपीएल कुछ खास नहीं गया है और उन्होंने आठ पारियों में 10.7 की महंगी इकॉनमी से रन देते हुए सिर्फ. छह विकेट लिए हैं। हालांकि अपने पुराने 'घर' नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में अपनी पुरानी टीम जीटी के सामने वह लय ढूंढने का प्रयास करेंगे, जहां



पर वह 13 आईपीएल मैचों में 20 विकेट ले चुके हैं। बटलर के अलावा शमी अपने पुराने कप्तान शुभमन गिल को भी बहुत परेशान करते हैं और उन्हें छह पारियों में दो बार आउट कर चुके हैं, जबकि गिल उन पर सिर्फ.124 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। जीटी के बल्लेबाजी क्रम में साई सुदर्शन, वॉशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और

### बटलर का तोड़ कमिंस और शमी के पास है

इंग्लैंड के पूर्व वनडे कप्तान जॉस बटलर ने आईपीएल 2025 में गजब का फॉर्म दिखाया है और नौ पारियों में चार अर्धशतकों और 81 की औसत के साथ 406 रन बना चुके हैं। हालांकि इस मैच में वह एसआरएच की अनुभवी तेज गेंदबाजी जोड़ी मोहम्मद शमी और पैट कमिंस के सामने संघर्ष करते हुए नजर आ सकते हैं। दोनों ने बटलर को टी20 क्रिकेट में तीन-तीन बार आउट किया है, जबकि बटलर उन पर क्रमश: 132 और 136 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं, जो कि उनके टी20 स्ट्राइक रेट (145.80) और आईपीएल स्ट्राइक रेट (149.41) से बहुत कम है।

इस साल शमी के छह में से चार विकेट बाएं हाथ के बल्लेबाजों के ही हैं। शमी, तेवतिया को तीन में से दो जबकि सुंदर को चार में से एक पारी में आउट कर चुके हैं, जबकि दोनों में से कोई भी शमी पर 130 के स्ट्राइक रेट से रन नहीं बना पाता है।

### क्या राशिद की इस मैच में हो पाएगी फॉर्म वापसी

राशिद खान इस सीजन अपनी गेंदबाजी से वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। उन्होंने इस सीजन 8.88 की महंगी इकॉनमी और 43.14 की खराब औसत से रन देते हुए नौ मैचों में सिर्फ. सात विकेट लिए हैं। हालांकि पिछले दो मैचों में उन्होंने फॉर्म वापसी के संकेत दिए हैं, जब उनकी इकॉनमी भी लगभग छह की रही है और उन्होंने तीन विकेट भी चटकाए हैं।

हालांकि इस मैच में राशिद को अभिषेक शर्मा, इशान किशन और हाइनरिक क्लासन की आक्रामक तिकड़ी के सामने सजग रहना होगा। अभिषेक, राशिद पर 210 के स्ट्राइक रेट से रन बाना पाते हैं, वहीं क्लासन का स्ट्राइक रेट 155 है। हालांकि क्लासन और किशन राशिद के खिलाफ दो मैचों में आउट भी हुए हैं।

# मॉर्गन ने आरसीब के आईपीएल-2025 में प्रदर्शन की तारीफ की

## बोले- टीम ने बहुत सी चीजें सही की हैं, कल बेंगलुरु का सामना चेन्नई से

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ऑएन मॉर्गन ने इस सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के प्रदर्शन की तारीफ की है। उनका मानना है कि बेंगलुरु ने इस सीजन टॉप से लेकर मिडिल ऑर्डर तक अटैकिंग बैटिंग की है। आईपीएल 2025 के जियोस्टार एक्सपर्ट मोर्गन ने आरसीबी और सीएसके के बीच मुकाबले से पहले गुरुवार को मीडिया से बात की।

मॉर्गन ने कहा, मुझे लगता है कि आरसीबी ने बहुत सी चीजें सही की हैं। इस सीजन उन्हें खेलते हुए देखना मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा। विराट कोहली (433 रन) जिस तरह से उन्होंने अपना काम किया है, वह शानदार है।

आरसीबी 14 पॉइंट्स के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है और प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बहुत आगे है। आरसीबी कल अपने



होम ग्राउंड पर सीएसके के खिलाफ उतरेगी। इस मुकाबले को क्रिकेट जगत में 'सदर्न डर्बी' के नाम से जाना जाता है। हेजलवुड को बेस्ट टेस्ट गेंदबाज बताया मॉर्गन ने इस वर्चुअल बातचीत में आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तारीफ भी की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इसके अलावा टीम की गेंदबाजी बहुत प्रभावशाली रही है, और खासकर जोश हेजलवुड। मॉर्गन ने मजाकिया अंदाज में कहा,

**आरसीबी के जोश हेजलवुड सीजन के टॉप विकेट टेकर हैं। हेजलवुड ने 10 मैचों में 17.27 की औसत और 8.44 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट चटकाए हैं। 2019 में इंग्लैंड को जिताया था वर्ल्ड कप मॉर्गन की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम 2019 में वनडे वर्ल्ड कप जीती थी।**

लोग कहते हैं कि हेजलवुड ने बेंगलुरु में माली से ज्यादा पेड़ लगाए हैं। लेकिन यह शानदार है कि दुनिया के बेस्ट टेस्ट गेंदबाजों में से एक ने खुद को मल्टी-फॉर्मेट खिलाड़ी के रूप में साबित किया। आरसीबी के जोश हेजलवुड सीजन के टॉप विकेट टेकर हैं। हेजलवुड ने 10 मैचों में 17.27 की औसत और 8.44 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट चटकाए हैं। 2019 में इंग्लैंड को जिताया था वर्ल्ड कप मॉर्गन की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम 2019 में वनडे वर्ल्ड कप जीती थी। उन्होंने फरवरी 2023 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वे लिमिटेड ओवर क्रिकेट के इतिहास में इंग्लैंड के अब तक के बेस्ट कप्तान रहे हैं। उनकी कप्तानी में इंग्लिश टीम ने 198 वनडे मैच खेले। इसमें टीम को 118 में जीत मिली। वहीं, टी-20 में उन्होंने 72 मैचों में कप्तानी की और टीम को 42 मैचों में जीत दिलाई।

आयरलैंड से इंटरनेशनल में डेब्यू किया था मॉर्गन का जन्म आयरलैंड की राजधानी डबलिन में हुआ था। वे आयरिश है। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरूआत भी आयरलैंड नेशनल टीम के साथ किया था।

# सूर्यकुमार यादव का महारिकॉर्ड, आईपीएल इतिहास में ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज, उथप्पा-कोहली सब छूटे पीछे

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने जयपुर में करीब 13 साल बाद राजस्थान रॉयल्स को हराने में सफलता पाई। रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन के अर्द्धशतकों के बाद हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव की विस्फोटक पारियां के दम पर मुंबई इंडियंस ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 20 ओवर में 217 का स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह की गेंदों का राजस्थान के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं दिखा और टीम अपने घरेलू मैदान पर 100 रनों से हार गई। इस हार के साथ ही राजस्थान का आईपीएल 2025 का खिताब जीतने का सपना भी टूट गया क्योंकि टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। वहीं इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस के लिए 23 गेंदों में नाबाद 48 रनों की पारी खेलने वाले सूर्यकुमार यादव ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जो आईपीएल इतिहास में उनसे पहले कोई बल्लेबाज नहीं कर पाया था।

सूर्यकुमार यादव ने इस सीजन 29, 48, 27*, 67, 28, 40, 26, 68*, 40*, 54, 48* रनों की पारियां



खेली हैं। सूर्या के पास लीग के 50 मैचों के बार ऑरेंज कैप है। सूर्या ने इस सीजन 67.85 की औसत और 172.72 की स्ट्राइक रेट से 475 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 46 चौके और 26 छक्के आए हैं। सूर्या अगर ऐसे ही खेलते रहे तो वह सीजन की समाप्ति तक कई नए कीर्तिमान गढ़ देंगे। रेयान रिकल्टन और रोहित शर्मा के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के तूफान से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को राजस्थान रॉयल्स को 100 रन से हराकर लगातार छठी जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका के शीर्ष पर जगह बनाई और प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। शुरूआती पांच मैच में चार हार के साथ शुरूआत करने वाले मुंबई के 11 मैच में सात जीत से 14 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल्स की टीम इतने ही मुकाबलों में छह अंक के साथ आठवें स्थान पर है और प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। मुंबई के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम कर्ण शर्मा (23 रन पर तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (15 रन पर दो विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (28 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 16.1 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई।

### सूर्यकुमार यादव ने बनाया महारिकॉर्ड

सूर्यकुमार यादव अब आईपीएल में कंसिस्टेंट की परिभाषा हो चले हैं। दाएं हाथ के इस बल्ले से मौजूदा सीजन के सभी मैचों (आईपीएल 2025 के 50वें मुकाबले तक 11 मैच) में 25 या उससे अधिक रनों की पारी खेली है। आईपीएल इतिहास में इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था, जब किसी बल्लेबाज ने इतने मौके पर ऐसा किया हो। सूर्यकुमार यादव ने इस दौरान रॉबिन उथप्पा का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने 2014 में 10 मौकों पर ऐसा किया था। जबकि स्टीव स्मिथ ने 2016 में 9 बार, विराट कोहली ने 2024 में 9 बार और साई सुदर्शन ने 2023 में 9 बार ऐसा किया था।

# हम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाते हैं

# टीम बाहर हो चुकी, लेकिन अपने गुणगान में जुटे आरआर के कोच





**मुंबई।** आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। मुंबई के खिलाफ हार के साथ ही टीम के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। हालांकि, टीम के फील्डिंग कोच दिशांत याग्निक अपने और अपनी टीम के गुणगान में जुटे हैं। याग्निक ने कहा कि मेगा नीलामी से पहले जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट जैसे सुपरस्टार को रिलीज करने की आलोचना के बावजूद उनकी टीम युवाओं का समर्थन करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि हमारी टीम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाती है।

राजस्थान रॉयल्स के 11 मैचों में केवल छह अंक हैं और वह अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को आरआर को 100 रन से हराया। रॉयल्स की टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिनमें आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, लेकिन इस टीम को इंग्लैंड के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान बटलर और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बोल्ट की बड़ी कमी खल रही है।

### पिछले साल और इस साल में टीम में अंतर

याग्निक से जब पिछले साल की टीम और इस साल की टीम के बीच अंतर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'स्टार (खिलाड़ियों) के बारे में आपके प्रश्न में एक बड़ा मुद्दा है। जब भी कोई नया खिलाड़ी आता है, तो वह स्टार नहीं होता है, लेकिन उसे स्टार बनाया जाता है। पिछले साल हमारे पास जो खिलाड़ी थे, जब वे टीम में आए तो वे स्टार नहीं थे, लेकिन वे स्टार बन गए और अब जो खिलाड़ी हमारी टीम में हैं, हम उन्हें स्टार बनाएंगे। हम सुपरस्टार खरीदते नहीं हैं, हम सुपरस्टार बनाते हैं और यही हमारा मुख्य उद्देश्य है।'

### 'आने वाले समय में स्टार बन जाएंगे ये खिलाड़ी'

रॉयल्स पिछले साल 14 मैचों में 17 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में जगह बनाई थी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सलामी बल्लेबाज वैभव खाता भी नहीं खोल पाए, जबकि जायसवाल ने 13 रन बनाए। रॉयल्स की टीम 218 रन का पीछा करते हुए 117 रन पर आउट हो गई। याग्निक ने कहा, 'वैभव सूर्यवंशी को देखिए, जब वह गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी कर रहे थे तो हर कोई खुश था। दर्शक खुश थे और हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी स्टार बन जाएंगे।'

उन्होंने कहा, 'समय आ गया है कि आप इससे आगे की सोचें। जब आपके पास स्टार खिलाड़ी नहीं है, तो आपको इसे भूल जाना होगा और आगे बढ़ना होगा। हमारे पास वैभव, यशस्वी जायसवाल हैं। संजू सैमसन हमारे कप्तान हैं। हम इस टीम के साथ आगे बढ़ेंगे और जीतकर दिखाएंगे।' वैभव ने गुजरात के खिलाफ 38 गेंद में 101 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने सात चौके और 11 छक्के लगाए थे।


### 'बुमराह-बोल्ट के साथ काम करके आसानी हो रही'

इस बीच मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने स्वीकार किया कि जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी करने से उनका काम आसान हो जाता है। उन्होंने कहा, 'जब आप विश्व स्तरीय गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो आपके लिए काम आसान हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विश्व स्तरीय गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी करने से मुझे मदद मिल रही है और जब आप एक इकाई के रूप में गेंदबाजी करते हैं, तो दूसरी टीम के लिए भी यह मुश्किल हो जाता है।'



# अनियंत्रित होकर धरती की ओर लौट रहा है सोवियत संघ का अंतरिक्ष यान

**वॉशिंगटन ।** 1970 के दशक में सोवियत संघ द्वारा शुक्र ग्रह के लिए भेजा गया एक पुराना अंतरिक्ष यान जल्द ही अनियंत्रित होकर धरती पर लौट रहा है। इस बारे में वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह घटना मई के पहले दो हफ्तों में हो सकती है, संभवतः 10 मई के आसपास। बता दें कि यह अंतरिक्ष यान कोसमोस 482 है जिसे 1972 में सोवियत संघ ने शुक्र मिशन के तहत लॉन्च किया था। लेकिन तकनीकी खराबी के कारण यह पृथ्वी की कक्षा से बाहर नहीं जा सका और तब से लगभग 53 वर्षों से पृथ्वी की अण्डाकार कक्षा में चक्कर लगा रहा है।10 मई तक हो सकती है वापसी



इस यान की वापसी को लेकर डच वैज्ञानिक मार्को लैंगब्रोक का अनुमान है कि विफल अंतरिक्ष यान 10 मई के आसपास पुनः प्रवेश कर सकता है। उन्होंने बताया कि यदि यह बरकरार रहा तो यह 242 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा। लैंगब्रोक ने एक ईमेल में कहा कि हालांकि इस यान के अनियंत्रित होकर वापस आने में खतरा तो है, लेकिन हमें बहुत ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वैज्ञानिक लगातार इस पर नजर बनाए हुए हैं।

### यान की वापसी धरती के लिए कितना बड़ा खतरा

बात अगर इस अंतरिक्ष यान की वापसी और खतरे की करें तो इस यान का लैंडिंग कैप्सूल अब भी कक्षा में मौजूद है, जिसका आकार लगभग 1 मीटर व्यास और वजन करीब 500 किलोग्राम है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह यान संभवतः पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करने के बाद भी पूरी तरह से नष्ट नहीं होगा और उसका कुछ हिस्सा धरती पर गिर सकता है।

### पृथ्वी के किस हिस्से में गिर सकता है यान

गौरतलब है कि यह यान 51.7त उत्तर और दक्षिण अक्षांश के बीच दुनिया के किसी भी हिस्से में गिर सकता है। उदाहरण के तौर पर कनाडा से लेकर दक्षिण अमेरिका तक। लेकिन चूंकि पृथ्वी का अधिकतर हिस्सा समुद्र है, इसलिए इस यान के महासागर में गिरने की संभावना ज्यादा है।

# ऑस्ट्रेलिया में चुनाव कल, महंगाई और चीन का दबदबा अहम मुद्दे

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया में शनिवार को आम चुनाव में बढ़ती महंगाई, अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और चीन का दबदबा बड़े मुद्दे हैं। देश में सस्ते आवास की कमी, ऊंची ब्याज दरें और जीवाश्म ईंधन से पैदा बिजली को लेकर प्रमुख राजनीतिक दल पूरी तरह से विभाजित हैं। साथ ही चीन से निपटने के तरीकों को लेकर भी प्रमुख दलों में मतभेद



हैं। ऐसे में विपक्षी नेता पीटर डटन ने कई मुद्दों पर पीएम अल्बनीज को घेरा है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की केंद्र-वाम लेबर पार्टी 2022 में सत्ता में आने के बाद से एक दर्जन बार ब्याज दर बढ़ा चुकी है। मुद्रास्फीति उच्चतम स्तर पर है। ऑस्ट्रेलिया के लोगों ने हाल के इतिहास में जीवन-यापन की लागत में सबसे तेज वृद्धि को झेला है और सरकार सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। गत वर्ष अंडों की कीमतों में 11%, बीयर की कीमतों में 4% व आवास के औसत किराए में 4.8% की वृद्धि हुई। इसे विपक्षी नेता पीटर डटन ने प्रमुख मुद्दा बनाया है।

# इस्राइल ने सीरिया के खिलाफ खोला मोर्चा, किए हवाई हमले, राष्ट्रपति भवन के पास बरसाए बम

**दमिश्क ।** सीरियाई सरकार समर्थकों और अल्पसंख्यक ड्रूज समुदाय में छिड़ी लड़ाई के बीच इस्राइल ने सीरिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस्राइल की वायु सेना ने शुक्रवार तड़के सीरिया में हवाई हमले किए। इस्राइल ने सीरिया के राष्ट्रपति भवन के पास बम बरसाए।



सीरिया की राजधानी दमिश्क के पास एक इलाके में सरकार समर्थकों और अल्पसंख्यक ड्रूज समुदाय के लोगों के बीच झड़प हो गई थी। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। इसे लेकर इस्राइल ने सीरियाई अधिकारियों को दक्षिणी सीरिया में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के गांवों की ओर न बढ़ने की चेतावनी दी थी। इस्राइल की सेना ने एक बयान में कहा कि लड़ाकू विमानों ने दमिश्क में राष्ट्रपति हुसैन अल-शरा के महल के पास हमला किया। जबकि सीरियाई मीडिया ने कहा कि यह हमला शहर के ऊपर एक पहाड़ी पर स्थित पीपुल्स पैलेस के निकट हुआ था। इससे पहले भी सीरिया पर इस्राइल ने बमबारी की थी। सीरिया के सूचना मंत्रालय ने कहा कि दो अलग-अलग हमलों में देश के सुरक्षा बलों के 11 सदस्य मारे गए। जबकि ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि साहनाया और द्रुज बहुल दमिश्क उपनगर जरामाना में झड़पों में 56 लोग मारे गए, जिनमें स्थानीय बंदूकधारी और सुरक्षा बल के लोग शामिल हैं। राष्ट्रपति भवन के पास हमला करके इस्राइल ने सीरिया के नए नेतृत्व को कड़ी चेतावनी दी है। इससे पहले सीरिया के ड्रूज आध्यात्मिक नेता शेख हिकमत अल-हिजरी ने सीरिया सरकार की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने सरकार समर्थकों की झड़प को अल्पसंख्यक समुदाय पर अनुचित नरसंहारक हमला बताया।ऐसे शुरू हुई लड़ाई

# निगेल फरेज की रिफॉर्म यूके पार्टी को संसद में एक और सीट पर मिली जीत

**लंदन ।** ब्रिटेन में निगेल फरेज के नेतृत्व वाली कट्टर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके ने संसद ने एक और सीट पर जीत हासिल कर ली है। पार्टी की सारा पोचिन उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के रनकॉर्न और हेल्स्बी सीट पर छह वोटों से विजयी होकर संसद पहुंची हैं। उन्होंने इस सीट पर लेबर पार्टी के उम्मीदवार करेन शोर को हराया। संसद में में अब रिफॉर्म यूके पार्टी के पास पांच सीटें हो गईं हैं। अब पार्टी को उम्मीद है कि स्थानीय चुनाव में उसे बढ़त मिलेगी।



ब्रिटेन के 650 सीटों वाले हाउस ऑफ कॉमन्स में अभी लेबर पार्टी के पास सबसे ज्यादा सीटें हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर कंजर्वेटिव पार्टी की सीटें आती हैं। अब यहां दक्षिणपंथी पार्टी रिफॉर्म यूके भी मुख्य राजनीतिक धारा में आ रही है। पिछले साल हुए चुनाव में रनकॉर्न और हेल्स्बी सीट पर लेबर पार्टी को जीत मिली थी। लेबर पार्टी के सांसद माइक एम्सबरी ने नशे में एक मतदाता को मुक्का मार दिया था। इसके बाद एम्सबरी को पद छोड़ना पड़ा था। इसके चलते इस सीट पर दोबारा चुनाव हुए। रिफॉर्म को इस सीट पर ब्रिटिश इतिहास में सबसे कम अंतर से मिली है। इसे लेकर फरेज ने कहा कि राजनीति के लिए यह वास्तव में एक बहुत बड़ा क्षण है।

रनकॉर्न सीट पर जीत के बाद रिफॉर्म यूके को हाउस ऑफ कॉमन्स में पांच सीटें मिल गई है। पार्टी को पिछले साल राष्ट्रीय चुनाव में करीब 14 फीसदी वोट मिले थे। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों से पता चलता है कि अब रिफॉर्म यूके के पास लेबर और कंजर्वेटिव के बराबर या उससे अधिक समर्थन है। ऐसे में पार्टी अब 2029 तक होने वाले अगले राष्ट्रीय चुनाव से पहले देश की मुख्य पार्टी के रूप में कंजर्वेटिव को हटाने को लेकर सोच सकती है।

# गाजा में राहत समाग्री पहुंचाने जा रही नाव पर ड्रोन हमला, माल्टा के पास हुए धमाके

**तेल अवीव ।** गाजा के लिए खाने-पीने का सामान और जरूरी राहत सामग्री लेकर जा रही एक नाव पर शुक्रवार को माल्टा के पास ड्रोन से हमला हुआ। यह नाव गाजा स्वतंत्रता फ्लोटिला की थी, जो गाजा में फंसे लोगों तक खाने-पीने का सामान और जरूरी मदद पहुंचाने की कोशिश कर रही थी। नाव में 12 क्रू मेंबर और 4 आम नागरिक सवार थे। हमले में कोई घायल नहीं हुआ है, लेकिन नाव को काफी नुकसान पहुंचा है। यह जानकारी गाजा की शांति और सामाजिक न्याय की वकालत करने वाले संगठन कोडपिंक ने दी है।




**दो धमाको के बाद नाव में लगी आग :** मामले में कोडपिंक के कार्यकर्ता चार्ली एंड्रियासन ने बताया कि उन्होंने नाव पर मौजूद लोगों से बात की। लोगों ने उन्हें बताया कि दो धमाके हुए और फिर नाव में आग लग गई। नाव का जनरेटर भी खराब हो गया, जिससे वह चलने में असमर्थ हो गई। नाव के डूबने का भी खतरा बना हुआ है। हालांकि अब तक इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। वहीं इस्राइली सेना से जब इस हमले को लेकर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की।

### गाजा में इस्राइल ने रोकी है मानवीय सहायता

बीते दो महीनों से इस्राइल ने गाजा में किसी भी तरह की मानवीय मदद जाने पर रोक लगा रखी है। इससे वहां हालात बेहद खराब हो गए हैं। गाजा लगभग 19 महीने से युद्ध की चपेट में है और यह अब तक का सबसे गंभीर मानवीय संकट बन गया है।

# फ्लोरिडा में पूर्व सैनिक को मौत की सजा

**फ्लोरिडा।** फ्लोरिडा में एक पूर्व सैनिक को मौत की सजा दी गई। पूर्व सैनिक ने 27 साल पहले 1998 में अपनी प्रेमिका और तीन बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। 62 वर्षीय जेफरी हचिंसन को स्टार्क के पास फ्लोरिडा स्टेट जेल में जानलेवा इंजेक्शन देने के बाद रात 8.15 बजे मृत घोषित कर दिया गया। फ्लोरिडा में गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने इस साल चौथी बार मौत की सजा दी है। पांचवी मौत की सजा 15 मई को दी जाएगी। हचिंसन को जब इंजेक्शन लगाया गया तो वे कुछ बुदबुदा रहे थे। कुछ देर बाद उनके पैरे हिले, फिर शरीर में ऐंठन हुई और फिर वे शांत हो गए। मुकदमे की सुनवाई के दौरान हचिंसन ने लंबे समय से दावा किया कि वह निर्दोष हैं और दो अज्ञात हमलावरों ने अमेरिकी सरकार की साजिश के तहत हत्याओं को अंजाम दिया। हचिंसन ने सेना में आठ साल सेवा की। अदालत के रिकॉर्ड के मुताबिक 1998 में फ्लोरिडा के क्रेस्टव्यू में हचिंसन की अपनी प्रेमिका 32 वर्षीय रेनी फ्लेहर्टी के साथ बहस हुई। इसके बाद उसने अपने कपड़े और बंदूकें एक ट्रक में पैक कीं। फिर वो एक बार में गया और बीयर पी। उसने बार के कर्मचारियों को बताया कि फ्लेहर्टी उससे नाराज थी। इसके बाद वह अचानक वहां से चला गया। कुछ देर बाद 911 ऑपरेटर को कॉल पर कहा गया कि मैंने अपने परिवार को गोली मार दी। पुलिस ने हचिंसन को गैराज से पकड़ा। उसके हाथों पर गोली के निशान थे। मुकदमे के दौरान 2001 में हचिंसन ने कोर्ट में कहा था कि दो अज्ञात व्यक्ति घर पर आए।



# भारत की सख्ती से पाकिस्तान बेहाल, आनाकानी के बाद वाघा बॉर्डर पर फंसे नागरिकों को वापस लेने को मजबूर

**इस्लामाबाद ।** भारत की सख्ती से पाकिस्तान परेशान हो गया है। भारत सरकार के देश छोड़ने के आदेश के बाद कई पाकिस्तानी वाघा बॉर्डर पर फंस गए हैं। अब पाकिस्तान की सरकार ने एलान किया है कि वे वाघा बॉर्डर पर फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का एलान कर दिया और पाकिस्तानी नागरिकों को एक तय समयसीमा के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दे दिया गया।

### 70 पाकिस्तानी अटारी-वाघा सीमा पर फंसे

पाकिस्तानियों के भारत छोड़ने की समय सीमा 30 अप्रैल को समाप्त हो गई, जिसके बाद गुरुवार को अटारी-वाघा बॉर्डर बंद रही। हालांकि कम से कम 70 पाकिस्तानी नागरिक गुरुवार को भी अटारी-वाघा बॉर्डर पर फंसे हुए हैं। मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सीमा पर फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को लेकर कहा कि 'हमें उन मीडिया रिपोर्ट्स की जानकारी है, जिनमें कुछ पाकिस्तानी नागरिकों के अटारी सीमा पर फंसे होने की जानकारी मिली है। हम अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए तैयार हैं। भारतीय अधिकारी उन्हें सीमा पार करने की इजाजत दें।



**भविष्य में भी खुला रहेगा**

**वाघा बॉर्डर:** पाकिस्तान ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने के भारत सरकार के फैसले की आलोचना की और कहा कि इससे गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है क्योंकि इससे भारत में इलाज करा रहे परिवार प्रभावित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को 26 अप्रैल के बाद भारत छोड़ने का आदेश दिया था। इनमें सार्क वीजा धारक शामिल हैं। वहीं मेडिकल वीजा धारक पाकिस्तानी नागरिकों को 29 अप्रैल तक भारत छोड़ने की सलाह दी गई थी। भारत की देखा-देखी पाकिस्तान ने भी वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया और भारतीयों को सार्क वीजा योजना के तहत मिले वीजा को रद्द कर दिया।

# प्रिंस हैरी के साथ अन्याय नहीं हुआ, ब्रिटेन की अदालत ने सरकारी सुरक्षा न देने के फैसले को बताया सही



**ब्रिटेन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने प्रिंस हैरी को सरकारी सुरक्षा नहीं देने के फैसले को सही बताया। मामले में सुनवाई के दौरान ब्रिटेन की एक अपीलीय अदालत ने कहा है कि प्रिंस हैरी के साथ कोई अन्याय नहीं हुआ जब उन्हें सरकारी खर्च पर सुरक्षा देना बंद कर दिया गया। कोर्ट ने ये भी साफ किया कि जब कोई व्यक्ति शाही जिम्मेदारियां छोड़ देता है, तो उसे स्वचालित रूप से सरकारी सुरक्षा नहीं मिलती। बता दें कि यह फैसला तब आया जब हैरी ने शाही जिम्मेदारियों से 2020 में खुद को अलग कर लिया था। मामले में प्रिंस हैरी ने दलील दी थी कि उन्हें और उनके परिवार को ब्रिटेन में आने पर अब भी खतरा रहता है, इसलिए उन्हें फिर से यूके सरकार द्वारा दी जाने वाली सुरक्षा मिलनी चाहिए। लेकिन कोर्ट ने कहा कि यह फैसला कानून के तहत उचित तरीके से लिया गया था और इसमें कोई पक्षपात नहीं हुआ।

# भगवान बुद्ध के अवशेष वियतनाम पहुंचे, वेसाक पर्व पर 30 लाख श्रद्धालुओं को दर्शन करने की उम्मीद

**हनोई ।** भारत के सारनाथ से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष शुक्रवार को वियतनाम पहुंचें। यह आयोजन संयुक्त राष्ट्र के वेसाक दिवस 2025 के मौके पर किया गया है। वेसाक दिवस बुद्ध के जन्म, ज्ञान और निर्वाण की याद में मनाया जाता है। बता दें कि इस पवित्र अवशेष को केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल लेकर वियतनाम पहुंचा। जहां एक धार्मिक समारोह हुआ, फिर एक भव्य जुलूस के साथ इसे थान ताम पगोडा ले जाया गया, जहां इसे आम जनता के दर्शन के लिए रखा गया है। आईबीसी ने दी जानकारी



इस बात की जानकारी अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ (आईबीसी) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दिया, जिसमें बताया गया कि भारत से पवित्र बुद्ध अवशेष वियतनाम पहुंच गए हैं। इन्हें पहले वियतनाम बौद्ध यूनिवर्सिटी के बुद्ध हॉल में लाया गया और फिर भव्य जुलूस के साथ थान ताम पगोडा में सार्वजनिक दर्शन के लिए रखा गया है। साथ ही हो ची मिन्ह सिटी में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण है। मंत्री रिजिजू का भावुक संदेश केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष लेकर वियतनाम जाना आत्मा को छू लेने वाला अनुभव है। यह यात्रा शांति, करुणा और एकता का प्रतीक है। अवशेष 2 से 21 मई 2025 तक वियतनाम में रहेंगे। इस यात्रा में आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री कंदुला दुर्गेश और अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष 2 मई से 21 मई 2025 तक वियतनाम के अलग-अलग शहरों में रखी जाएंगी। इस दौरान 30 लाख से ज्यादा लोग इनके दर्शन करने पहुंच सकते हैं। ध्यान रहे कि यह आयोजन भारत और वियतनाम के रिश्तों को और गहरा करने के साथ-साथ दुनियाभर में शांति और सद्भाव का संदेश भी देता है।

गौरतलब है कि यह पवित्र अवशेष सारनाथ के मूलगंध कुटी विहार में विराजित है और आंध्र प्रदेश के नागार्जुनकोंडा से खुदाई में मिला था। माना जाता है कि यह अवशेष 246 ईस्वी से भी पहले का है। आईबीसी के महानिदेशक अभिजीत हलदर ने कहा कि वियतनाम एक बौद्ध-बहुल देश है और यहां बुद्ध के अवशेषों को भगवान बुद्ध का जीवंत रूप माना जाता है। यह आयोजन वेसाक दिवस और वियतनाम के राष्ट्रीय दिवस के साथ मनाया जा रहा है।

# नए पोप के चुनाव की तैयारी तेज, सिस्टीन चैपल में लगी चिमनी, धुएं से मिलेगा नियुक्ति का संकेत

**वेटिकन ।** पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद नए पोप को चुनने के लिए 7 मई को होने वाले सम्मेलन (कॉन्क्लेव) की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके लिए शुक्रवार को वेटिकन में सिस्टीन चैपल की छत पर एक खास चिमनी लगाई गई, जो नए पोप के चुनाव की घोषणा का संकेत देगी। मीडिया रिपोर्ट की माने तो वेटिकन के फायर ब्रिगेड कर्मियों को यह चिमनी लगाते हुए देखा गया। यह प्रक्रिया कॉन्क्लेव की तैयारियों का अहम हिस्सा मानी जाती है।

### नए पोप के चुनाव की प्रक्रिया, समझिए

नए पोप के चुनाव के लिए वेटिकन में मौजूद सभी कार्डिनल एक बंद कमरे यानी सिस्टीन चैपल में बैठकर वोटिंग करेंगे। हर दिन दो बार वोटिंग होती है, एक बार सुबह और एक बार दोपहर में। जब सभी कार्डिनल वोट डाल लेते हैं, तो उन बैलेट पेपर (मतपत्रों) को एक विशेष भट्टी में जलाया जाता है।



वोटिंग के दौरान चिमनी से निकलने वाले धुआं की भूमिका जनता की जानकारी के लिए अहम होती है। इस बात को ऐसे समझिए कि अगर चिमनी से काला धुआं निकलता है, तो इसका मतलब होता है कि अभी किसी को भी पोप नहीं चुना गया है। इसके लिए वोटों के साथ कुछ रसायन मिलाए जाते हैं जैसे, पोटेशियम परक्लोरेट, एंथ्रासीन और सल्फर। वहीं अगर चिमनी से सफेद धुआं निकलता है, तो इसका मतलब होता है कि नया पोप चुन लिया गया है। तब वोटों के साथ पोटेशियम क्लोरेट, लैक्टोज और क्लोरोफॉर्म रेजिन मिलाकर जलाया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय होती है। जब तक नया पोप नहीं चुन लिया जाता, तब तक दुनिया को सिर्फ इसी चिमनी से निकलने वाले धुएं से जानकारी मिलती है। यह परंपरा सदियों पुरानी है और वेटिकन की पहचान का हिस्सा बन चुकी है।

पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद कई कैथोलिक नेता इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या चर्च को इस बार अपना पहला अश्वेत पोप चुनना चाहिए। ऐसे में तीन अफ्रीकी कार्डिनलों के नाम पर गंभीर विचार हो रहा है। यदिअगला पोप उप-सहारा अफ्रीका से हुआ तो वह वेटिकन के इतिहास में पहला होगा। हालांकि, यह चयन प्रक्रिया लंबी है। लेकिन कैथोलिक अफ्रीकियों को उम्मीद है कि फ्रांसिस का उत्तराधिकारी उनके महाद्वीप से एक अश्वेत कार्डिनल हो सकता है।

# वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत डासना में कार्यशाला का आयोजन




## महापौर सुनीता दयाल रहीं मुख्य अतिथि





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डासना देहात क्षेत्र में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत महापौर/प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दयाल को मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के द्वारा भेजा गया जिसमें सर्वप्रथम महापौर सहित सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।

सभी अतिथियों के द्वारा स्थानीय जनता को वक्फ बोर्ड के विषय में जानकारी दी।

### किसी गरीब को आज तक वक्फ बोर्ड की भूमि की कोई सुविधा मिली हो तो बताए : महापौर



**करंट क्राइम।** सुनीता दयाल ने कहा कि वक्फ बोर्ड की भूमि पर कितने मदरसे बने, वक्फ बोर्ड की भूमि पर कितने सामुदायिक भवन बने,वक्फ बोर्ड की भूमि पर कितने स्वास्थ्य उपचार हेतु अस्पताल बने,वक्फ बोर्ड की भूमि के हो रही आय से कितने गरीब मिसलिम भाईयो की बेटी का विवाह हुआ।इस पैसे से आज तक किस मुस्लिम समुदाय का भला हुआ। कुछ नहीं केवल वक्फ बोर्ड की भूमि को घेरकर बेचने या अपनी जेब भरने का कार्य किया गया है और मुस्लिम समुदाय को बरगलाने का कार्य किया गया है।

### गरीबों का हक सिर्फ गरीबों को मिलेगा, यह है वक्फ संशोधन : सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** मुख्य वक्ता महापौर/प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि वक्फ बोर्ड के नियमो में संशोधन किया गया है। यह संशोधन मुस्लिम समुदाय के हित मे होंगे। आज तक वक्फ बोर्ड की भूमि पर किसी गरीब का मकान नहीं बना है। वक्फ बोर्ड की भूमि किसी गरीब के काम नही आई।

### वक्फ बोर्ड की भूमि की आय से किया जाना चाहिए समाज के लिए कार्य : महापौर

**करंट क्राइम।** समाज के साथ धोखा किया गया है जो अब नही होगा अब केवल गरीब मुस्लिम समुदाय के काम ही वक्फ बोर्ड की भूमि आएगी,यह किया है हमारी सरकार ने वक्फ बोर्ड की भूमि के नियमो में बदलाव जिसका विपक्ष द्वारा शोर मचाया जा रहा है,अब यह नया वक्फ बोर्ड है जो किसी व्यक्ति विशेष हित मे नही सभी गरीबो के हित में कार्य करेगा। वक्फ बोर्ड की भूमि की आय से किए जाने चाहिए समाज हित में कार्य। कार्यक्रम के दौरान विधायक धर्मेंद्र तोमर,विधायक मंजू सिवाच, जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल,जिला महामंत्री जितेन्द्र कुमार,जिला संयोजक राज कुमार,कार्यक्रम संयोजक शौलत पाशा,महेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# महापौर सुनीता दयाल ने फिर ली सुपरवाइजरों की बैठक

## तिगरी गोल चक्कर से हटी ठेलियां, बैठक का हुआ असर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल द्वारा शहर में ठेले,रेहड़ी पटरी,खोके और बाजारों को व्यवस्थित करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है जिसको लेकर पूर्व में भी महापौर द्वारा सुपरवाइजरों के साथ बैठक की गई थी जिसमे महापौर ने उनको अच्छी व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश दिए थे।

शुक्रवार को उसी क्रम में महापौर ने फिर सुपरवाइजरों के साथ बैठक की है जिसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार, सफाई इंसपेक्टर नरेश कुमार 15 सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

पूर्व में हुई बैठक का असर भी दिखा, महापौर ने तिगरी गोल चक्कर विजय नगर पर फलों के ठेलों को सड़क से हटा कर सर्विस रोड के पीछे करने के लिए कहा था जिससे जाम की स्थिति न हो और स्थानीय सुपरवाइजर ने तिगरी गोल चक्कर को खाली कराकर ठेलों को व्यवस्थित किया जिसके लिए महापौर ने सुपरवाइजर की पीठ थपथपाई।



### 15 सुपरवाइजरों ने वार्ड में रेहड़ी पटरी, ठेली, खोके वालों की बनाई लिस्ट, जल्द लगेगा यूजर चार्ज : महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर ने पूर्व की बैठक में अपने अपने वार्डो में ठेले,रेहड़ी पटरी, खोके एवं बाजारों की लिस्ट बनाने के निर्देश दिए थे जिसमे शुक्रवार को सुपरवाइजरों ने अपने आपमे वार्डो की लिस्ट बनाकर महापौर को सौंपी। यह सूची तैयार इसलिए कि जा रही है क्योंकि शहर में घरों से भी अधिक मात्रा में कूड़ा ठेले, रेहड़ी पटरी,खोके,लस्सी वाले,समोसे वाले और बाजारों से निकलता है और वह कूड़ा भी नगर निगम के पास ही आता है लेकिन नगर निगम इनसे कूड़े के निस्तारण हेतु यूजर चार्ज नही लेता है इसलिए यह लिस्ट बनाई जा रही है ताकि भविष्य में इनसे भी यूजर चार्ज लिया जा सके।

### बनेगी व्यवस्था, होगा सुधार, शहर होगा साफ और बनेगा सुंदर :महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर ने कहा, यह कार्य होने से शहर में अच्छी व्यवस्था बनेगी,सुधार होगा,शहर साफ भी होगा और सुंदर बनेगा। महापौर ने बताया कि आप सभी नगर निगम का परिवार हैं आपकी जिम्मेदारी भी नगर निगम के प्रति उतनी ही है जितनी हमारी।

### पूरी ताकत और ईमानदारी से करें कार्य, मिलेगा हमारा सहयोग : सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** आप पूरी ताकत और ईमानदारी के साथ कार्य करें मेरा व अधिकारियों का भरपूर साथ मिलेगा आपको और आप यह भी सुनिश्चित करे कि हर ठेले,रेहड़ी पटरी,खोके और बाजारों में डस्टबिन रखे जाए और उनको दोपहर बाद नगर निगम के टेम्पो के द्वारा उठवाया जाएगा।

# जैन मंदिर फ्लाईओवर पर स्कूटी सवार वृद्ध को पड़ा मिर्गी का दौरा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** सुबह लगभग 11 बजे एक संवेदनशील घटना जैन मंदिर फ्लाईओवर पर देखने को मिली। जब एक 65-70 वर्षीय वृद्ध, अनिल गर्ग, स्कूटी चलाते समय मिर्गी का दौरा पड़ने से सड़क पर अचेतावस्था में गिर पड़े। ठीक उसी समय पीछे से भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी अपने वाहन से गुजर रहे थे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोकी। प्राथमिक सहायता स्वरूप उन्होंने वृद्ध को पानी पिलया और तुरंत ट्रैफिक पुलिस एवं लेपर्ड पुलिस को सूचना दी।

## भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने दिखाई तत्परता और बचाई एक जिंदगी





### प्रदीप चौधरी ने अपनी गाड़ी में बैठाकर पीड़ित को घर पहुंचाया

**करंट क्राइम।** पुलिस सहयोग से प्रदीप चौधरी ने अनिल गर्ग को अपनी गाड़ी में बैठाकर नेहरू नगर स्थित उनके निवास तक सुरक्षित पहुंचाया। वृद्ध के पास मोबाइल न होने के कारण उनके घर का पता स्कूटी की आरसी से लगाया गया, जिससे उन्हें घर पहुंचाने में लगभग डेढ़ से दो घंटे का समय लग गया।

### परिजनों ने किया धन्यवाद और दिया आशीर्वाद

**करंट क्राइम।** अनिल गर्ग के परिजनों ने इस संवेदनशील सेवा कार्य हेतु प्रदीप चौधरी का धन्यवाद करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने संकल्प लिया कि आगे से अनिल गर्ग को अकेले बाहर नहीं भेजा जाएगा और मोबाइल साथ रखना सुनिश्चित किया जाएगा।

### समय पर मिली मानवीय सहायता बनी वरदान

**करंट क्राइम।** अनिल गर्ग अपने घर के पास एक छोटी कन्फेक्शनरी की दुकान चलाते हैं। रास्ता भूलने के कारण वे फ्लाईओवर पर चढ़ गए जहां उन्हें मिर्गी का दौरा पड़ा। इस सेवा कार्य में प्रदीप चौधरी के साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस, लेपर्ड टीम तथा सोनू भाटी की तत्परता ने यह सुनिश्चित किया कि एक जीवन समय पर सहायता मिलने पर बचाया जा सकता है। यह घटना समाज में सेवा भावना और मानवीयता का एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

# शालीमार मंडल में 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत बैठक का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत स्नेह मिलन अभियान को लेकर बैठक आयोजित हुई। इसमें बिहार प्रदेश से प्रवासी के तौर पर मुख्य वक्ता एमएलसी ( विधायक ) अनामिका पटेल ने बिहार प्रवासी प्रबुद्ध जनों की बैठक में लोगों से मिलकर बिहार में विधानसभा चुनाव के विषय पर विस्तार से चर्चा की एवं अपने विचार प्रकट किए जिसमें मुख्य रूप से प्रीति चंद्र राय, अमृता सिंह प्रियंका पांडे इंदु तोमर, ममता झा, सोनाली, संजय शर्मा,आदेश, मनीष सैनी ओर मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए अनामिका पटेल ने कहा कि पीएम मोदी संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए संकल्पित हैं। जिससे एक श्रेष्ठ भारत का निर्माण हो सके। इसी के तहत पार्टी की ओर से श्रेष्ठ भारत स्नेह मिलन अभियान चलाया जाना है। बैठक में इस अभियान को बूथ स्तर तक ले जाकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने की योजना बनाई गई।

# 1937 के बाद देश में जातीय जनगणना कराना मोदी सरकार का ऐतिहासिक फैसला : नरेन्द्र कश्यप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उ0प्र0 सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मंत्री एवं भाजपा ओ०बी०सी० मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने भाजपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि 1937 में अंग्रेजों के द्वारा देश में जातीय जनगणना करायी गयी थी। हमारी सरकार यह जनगणना 2021 में कराना चाहती थी किन्तु कोविड जैसी प्राकृतिक महामारी के चलते नहीं करायी जा सकी।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि यह कास्ट सेंसस देश के वंचित पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को समाज में अपनी एक सही पहचान दिलायेगा और वहीं सरकारी योजनाओं तथा नौकरियों में उनको उचित भागीदारी दिलाने की दिशा में यह एक निर्णायक पहल साबित होगा। उसके बाद से आजाद भारत में पहली बार सर्व जातियों की जनगणना कराये जाने का फैसला देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा लिया गया है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि इस फैसले का 140 करोड़ देशवासियों की ओर से मैं स्वागत एवं सराहना करता हूं। कांग्रेस ने 2010 में संसद में आश्वासन देने के बावजूद जातिवार गणना नहीं कराई। मंत्रिमंडल समूह की संस्तुति के बावजूद मनमोहन सरकार ने सामाजिक आर्थिक जातीय जनगणना के नाम पर सिर्फ सर्वे कराया।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने आगे कहा कि हमारा मानना है कि यह जातीय गणना का निर्णय सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों की गैर बराबरी दूर कर और अधिक सशक्त बनायेगा तथा वंचितों और उपेक्षित वर्गों के लोगों चहुंमुखी विकास के लिए नये रास्ते खोलेगा।

## '94 साल के बाद मोदी के राज में पिछड़ों को मिलेगा न्याय'







▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि प्रतीक सोसाइटी में जब बह रहा था जल सैलाब? तब हम देख रहे थे भगवा गुप्ता जी के सीन में लगी हुई थी आग? कहने वाले ने कहा बहुत ही आंदोलित दिख रही थी उनकी टोन? मगर इस मौके पर कोई और ही उठा रहा था उनका फोन? वो गुप्ता जी को मंत्री जी कह कर पुकार रहा था यार? कहने वाले ने कहा हम ये शब्द सुनकर हैरान हो गये कि गुप्ता जी को केन्द्र या प्रदेश सरकार में कब मिला मंत्री वाला किरदार? कहने वाले ने कहा जो भी हो इस मामले में हम गुप्ता जी से दावत तो ले ही सकते हैं यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सपा के जिला और महानगर अध्यक्ष पर क्रान्तिकारी युवा शर्मा ने जमकर किया कटाक्ष? उनका कटाक्ष सुनकर हमें अध्यक्षों की गरिमा की चिंता हुई? मगर एक सवाल हमारे दिमाग में हो गया व्याप्त? कहने वाले ने कहा अध्यक्षों ने नहीं दिया जीतू भैया के उड़ते तीर का जवाब? या तो इन दोनों की इस कटाक्ष पर थी सहमति? या फिर इन्होंने भैया जी से मिलकर जोड़ लिये हैं बताने को कई गुणा-भाग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी आप भाजपा के बाकी पदाधिकारियों को निवर्तमान कहकर ना पुकारो? अभी तो सब वर्तमान है? इस भूल को जरा सुधारो? कहने वाले ने कहा वैसे तो अधिकतर पदाधिकारी निभा रहे हैं निवर्तमान वाला ही किरदार? पहलवान हो या कोई और किसी के नहीं हो रहे हैं योद्धा के साथ दीदार? अब पूर्व वाले कितनी ही निष्क्रियता दिखा रहे हो? मगर उनको निवर्तमान लिखकर यूं ना करो उनका मूड बेकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर और भगवा योद्धा की कम नहीं है किसी सुपर हीरो जैसी कहानी? एक अध्यक्ष तो दूसरे निभा रहे हैं विधायक वाला रोल? मगर इसके अलावा भी बनाया हुआ है दानों ने सुपरमैन और स्पाईडर मैन वाला माहौल? अगर आप हाल ही के घटनाक्रमों पर नजर डालोगे साहब? एक उतरकर बचा रहे थे जनता की जान जब लगी हुई थी बिल्डिंग में आग? दूसरे चेहरे भी निभा रहे थे पूरी शिद्दत से सुपर हीरो वाली कहानी? उन्होंने भी घंटो तक मोर्चा संभाले रखा? जब सैलाब बनकर सोसाइटी में आ गया पानी? कभी इस दिन तो कभी उस दिन मजबूत होती रहती है दोनों की कहानी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा सरदार जी ने दी है किसी को नसीहत? ये नसीहत आपके भी आयेगी काम? उन्होंने दिया है संदेश, कि पुलिस वालों से मिलने, थाने और चौकी अकेले मत जाना, जब हो रही हो शाम? कहने वाले ने कहा हमें उनका ये तर्जुबा लगा असरदार? उन्होंने जिसको ये सलाह दी उसने भी इस बात को किया दिल से स्वीकार? कहा आगे से रखेंगे इस बात का ध्यान? आपकी हर बात का हम करते हैं मान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैंने देखा सुबह एक सपना? मैं चाहता हूं कि इस बार एक बड़े बर्थडे पर हो जाये मेरा सपना सच? मैं चाहता हूं साहब के बर्थडे पर सांसद, विधायक से लेकर अध्यक्ष भी नजर आयें? बहुत दिनों से नहीं देखा है मैंने इतना अच्छा वक्त? कहने वाले ने कहा हमने सुना है अक्सर सुबह के सपनों की सच होती है तस्वीर? देखते हैं हमारे सपने पर क्या फैसला सुनायेगी 10 तारीख को तकदीर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वसुंधरा वाली मिट्टी से आ रही है ये आवाज? वो भले ही एक्स हो गये हैं लेकिन नहीं बदले हैं उनके अंदाज? सौंफ वालों को भले ही नहीं मिली है फिर से मंडल वाले प्रधान की जिम्मेदारी? लेकिन वो अभी भी करते हैं काम और दिखाते हैं पहले की तरह अपनी हिस्सेदारी? सुना है उनके विरोधी नहीं हैं उनके इस अंदाज से हैप्पी? उनका कहना है कि ये तो वही बात हो रही है कि रस्सी जल गई लेकिन बल नहीं गये? क्या ये वाले शब्द किसी देवतुल्य के मुख से निकल गये?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिरापुरम वाले मंडल में इन दिनों क्रान्तिकारी मास्टर जी ने धारण कर ली है रहस्यमय शांति? कहने वाले ने कहा कि जब से मैडम गुप्ता ने संभाली है मंडल की कमान? तब से क्रान्तिकारी मास्टर जी की साईलेंट हो गई है जुबान? इन्दिरापुरम वाले नहीं समझ पा रहे हैं मास्टर जी की इस गहन खामोशी का राज? उनका कहना है, कुछ तो है बात? वरना मास्टर जी नहीं रह सकते इस तरह से सियासत में खामोश? ना जाने कहां चला गया है मैडम के भगवा कमिश्नर बनते ही उनका जोश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले रेस्लर इन दिनों खुद को फील कर रहे हैं फ्रीहैंड? क्या वो इस बात को कर चुके हैं कहीं पर बैठ कर स्वीकार? अगर पार्टी में दायित्व ले लो तो फिर संगठन के दायरे में रहकर करना होता है हर काम? सुना है अब वो खेलना चाहते हैं फ्रीहैंड? उन्होंने कहा भी कि अब मैं खुलकर, कर पा रहा हूं काम? क्या भगवा रेस्लर को हो गया है इस बात का अंदाज? जब टीम की लिस्ट घोषित होगी तो उसमें नहीं आ रहा है उनका नाम? इसलिए वो कर रहे हैं वो ऐसी बातें और बना रहे हैं फ्रीहैंड पोलिटिक्स का प्लान? कहने वाले ने कहा कि भले ही उनके पास ना रहे संगठन का काम? लेकिन अभी वार्ड में उन्हें कराने हैं विकास के बहुत सारे काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से भगवा गौतम भैया ने कर दी है ये बात स्पष्ट? हमें फिर से नहीं बनना है महामंत्री? इस बार महामंत्री नहीं बनना चाहेंगे हम? नहीं बनने में है हमें कोई कष्ट? कहने वाले ने कहा जैसे ही सुशील भैया के इस बलिदान की पहुंची हैवीवेट वालों के पास बात? उन्होंने दे दी इस चेहरे को त्यागी की उपाधि? कह दिया आपका ये त्याग हर कार्यकर्ता रखेगा याद? देखना अब ये है कि सुशील भैया की मंत्री जी प्रदेश लेवल पर करते हैं अब कितनी मजबूत बात?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## स्वागत





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महंत श्री नारायण गिरी दूधेश्वर नाथ मंदिर शुक्रवार को चौधरी तेजपाल सिंह के आवास पर बच्चों को आशीर्वाद देने पहुंचे। महाराजजी के आगमन पर पटका एवं फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर चौधरी तेजपाल सिंह राष्ट्रीय सचिव रालोद, रविंद्र चौहान प्रदेश महासचिव, संजीव अरोड़ा प्रदेश संयोजक व्यापार महासभा, दिनेश शर्मा महानगर अध्यक्ष व्यापार महासभा, पवन सुरे एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद मित्तल मेहंदी वाले के लिए यह तारीख, यह दिन खास है क्योंकि इसी दिन उन्होंने मनीषा मित्तल के साथ सात फेरे लेकर अपना वैवाहिक जीवन शुरू किया था। सफल सुखद वैवाहिक जीवन यात्रा का एक पड़ाव और पूरा हुआ। बधाई शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला चलता रहा। मैरिज एनिवर्सरी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।